हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025





# गर्मी की दस्तक से पहले ही सूखने लगी शिवनाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते वर्ष सितंबर के महीने में अपना विकराल



रूप दिखाने वाली शिवनाथ नदी गर्मी के शुरूआती दिनों में ही सूख गई है। नदी में जल का बहाव नहीं है। शिवनाथ नदी में अभी इतना भी पानी नहीं है कि उसकी धार बनी रहे। किसानों को सिंचाई सहित लोगों को निस्तारी की समस्या शुरू हो गई है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को घाट पर पानी नहीं मिलने के चलते लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। नदी के सूखने के चलते रेत उत्खनन भी जोरों पर हो रहा है। गर्मी के शुरूआती दिनों में ही शिवनाथ नदी में पानी नहीं है। जगह-जगह से नदी सूख चुकी है। ऐसे में शिवनाथ नदी के भरोसे रहने वाले गांव में जल संकट गहराएगा। वहीं राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में भी पेयजल आपूर्ति के लिए शिवनाथ नदी से ही पानी लिया जाता है। शिवनाथ नदी सूखने की वजह से अब पेयजल के लिए दूसरे जलाशयों से पानी लेने की तैयारी की गई है।

### बाढ़ के बाद सूखा

बीते सितंबर माह में शिवनाथ नदी का विकराल रूप दिखाई दिया था। शिवनाथ नदी के किनारे सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए थे और नदी अपने क्षेत्र से दो-तीन फीट ऊपर तक बह रही थी। वहीं अब गर्मी के शुरूआती दिनों में ही नदी सैकड़ों गांव में सूख चुकी है। जगह-जगह से नदी की धार कट गई है।

### गांवों में निस्तारी की समस्या

जिले के रातापायली क्षेत्र में शिवनाथ नदी पूरी तरह से सूखी हुई दिखाई दे रही है। चारो ओर रेत ही रेत नजर आ रहा है। शिवनाथ नदी के किनारे बसने वाले गांव के लिए यह नदी काफी महत्वपूर्ण है। इस नदी में ही लोग अपनी निस्तारी करते हैं। नदी सूख जाने के चलते सैकड़ों गांव में निस्तार की समस्या भी हो रही है।

### एनीकट में पानी कम, सूखी नदी

शहर के मोहारा स्थित शिवनाथ नदी भी एक तरफ से सूख गई है। यहां शिवनाथ नदी के सिर्फ एक हिस्से में ही पानी नजर आ रहा है। जबकि एक तिहाई हिस्से में सिर्फ रेत दिखाई दे रही है। वहीं मोहारा एनीकट में भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं है। जिसके चलते नगर निगम द्वारा अन्य जलाशय से गर्मी में पेयजल आपूर्ति को देखते हुए पानी लिया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### आधा दर्जन क्लीनिक में जांच टीम की दबिश



**राजनांदगांव।** नर्सिंग होम एक्ट के तहत संचालन नहीं होने की लगातार शिकायत के बीच स्वास्थ्य विभाग के अमले ने शहर के आधा दर्जन क्लीनिक एवं दवाखाना में दबिश देकर जांच की। इस दौरान नर्सिंग एक्ट के तहत व्यवस्था नहीं पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को जिले के नर्सिंग होम एक्ट की टीम द्वारा शहर में संचालित गैर लाईसेंस क्लीनिकों एवं दवाखाना में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। इस दौरान नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने पर क्लीनिक एवं दवाखाना बंद करने की चेतावनी दी गई। टीम में सीएमएचओ, जिला नोडल अधिकारी, नर्सिंग होम एक्ट, औषधि निरीक्षक शामिल थे।

#### इन अस्पतालों में दबिश

जांच टीम द्वारा नया बस स्टैंड स्थित आरोग्यम सुपर स्पेशिलिटि क्लीनिक, नवागांव स्थित राजेश लारिया, मोतीपुर स्थित मां परमेश्वरी दवाखाना, बसंतपुर स्थित शर्मा क्लीनिक, आस्था क्लीनिक एवं आर्शीवाद डेंटल क्लीनिक, डॉ. विशाल गंगवानी होमोपैथिक क्लीनिक की जांच की गई एवं संबंधित को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दी गई। साथ ही यह भी कहा गया कि वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत क्लीनिक दवाखाना बंद करने की कार्रवाई की जाएगी।

---

### प्रस्तावक-समर्थक नहीं होने से नामांकन दाखिल नहीं कर पाई कांग्रेस, अब 7 को नांदगांव जिपं में चुनाव

# एमएमसी में नम्रता और केसीजी जिला पंचायत की अध्यक्ष बनी प्रियंका, भोजेश-विक्रांत उपाध्यक्ष, दोनों जगह चुनाव निर्विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अविभाजित जिले के मोहला-मानपुर-चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव करा लिया गया है। मोहला-मानपुर-चौकी जिला पंचायत में जहां नम्रता सिंह अध्यक्ष और भोजेश शाह उपाध्यक्ष बने। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में प्रियंका ताम्रकार अध्यक्ष एवं विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष बने। खास बात यह रही कि दोनों जिलों में दूसरा नामांकन नहीं दाखिल होने के चलते निर्विरोध ही चुनाव हो गया। अब राजनांदगांव जिला पंचायत में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव बाकी रह गया है, जो आगामी सात मार्च को कराया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों ही नवगठित जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनने की कार्रवाई सुबह 11 बजे शुरू हुई। पहले सभी उपस्थित सदस्यों ने शपथ ली। जिसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई। केसीजी जिले में भाजपा प्रत्याशी प्रियंका ताम्रकार के अलावा कांग्रेस से निर्मला वर्मा ने नामांकन फार्म लिया और जमा भी किया।

नियमानुसार दो सदस्यों में एक प्रस्तावक और एक समर्थक चाहिए होता है, परन्तु उनके पास समर्थक नहीं होने के चलते उनका फार्म रिजेक्ट कर दिया गया। ऐसे में यहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पद पर निर्विरोध चुनाव हो गया। वहीं मोहला-मानपुर जिले में भाजपा प्रत्याशियों ने ही नामांकन दाखिल किया। जिसके चलते यहां दोनों पद पर निर्विरोध चुनाव हो गया। ज्ञात हो कि मोहला-मानपुर-चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 10-10 जिला पंचायत सीटें हैं।

**जिला पंचायत केसीजी**



प्रियंका ताम्रकार



विक्रांत सिंह

**जिला पंचायत एमएमसी**



नम्रता सिंह



भोजेश शाह

**जनपद पंचायत डोंगरगढ़**



लता सिन्हा



हीराराम वर्मा

**जनपद पंचायत छुरिया**



संजय सिन्हा



प्रशांत ठाकुर



### नांदगांव में किरण-जागृति!

नांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कल यानि सात मार्च को होना है। यहां ये पद महिला अनारक्षित के लिए आरक्षित है। ऐसे में यहां से अध्यक्ष पद के लिए प्रबल दावेदारों में किरण रविन्द्र वैष्णव, किरण साहू के साथ ही जागृति चुन्नी यदु के नाम शामिल हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भी इन तीनों में से ही किसी एक का नाम आ सकता है। वहीं पुरूष वर्ग से प्रशांत कोड़ापे का नाम उपाध्यक्ष की रेस में शामिल है।

### तीनों जिलों में अध्यक्ष महिला

अविभाजित राजनांदगांव जिले की तीन जिला पंचायत पर अब महिलाओं का कब्जा हो गया है। राजनांदगांव और खैरागढ़ जिला पंचायत पहले से ही महिला वर्ग के लिए आरक्षित थी। जबकि मोहला-मानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष पद एसटी वर्ग के लिए आरक्षित था, लेकिन भाजपा ने यहां भी महिला नेत्री नम्रता सिंह को अध्यक्ष बनाया है। ऐसे में अब तीनों जिला पंचायत में अध्यक्ष महिलाएं होंगी।

### हरिभूमि की खबर पर मुहर

*जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को लेकर एमएमसी एवं केसीजी जिले में हरिभूमि की खबर पर मुहर लगी। खबर प्रकाशित की थी जिसमें बताया था कि एमएमसी में नम्रता सिंह अध्यक्ष एवं भोजेश शाह उपाध्यक्ष व केसीजी में प्रियंका ताम्रकार अध्यक्ष एवं विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष बनेंगे।*

### जिला पंचायत भवन ही नहीं

*करीब ढाई साल पहले तत्कालीन सरकार ने केसीजी एवं एमएमसी जिले का गठन किया था, लेकिन अब तक दोनों जिलों में जिला पंचायत भवन नहीं तैयार किया जा सका है। जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के बैठने की व्यवस्था को लेकर प्रशासन को मशक्कत करनी पड़ेगी।*

## छुरिया और डोंगरगढ़ में भाजपा के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बने, दोनों जगह सदस्यों ने किए क्रॉस वोट

राजनांदगांव। जिले की शेष दो जनपद पंचायत डोंगरगढ़ एवं छुरिया में भी बुधवार को अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष के चुनाव कराए गए। छुरिया जनपद पंचायत में भाजपा के संजय सिन्हा अध्यक्ष एवं प्रशांत ठाकुर उपाध्यक्ष बने। डोंगरगढ़ जनपद में भाजपा लता विजय सिन्हा अध्यक्ष एवं हीराराम वर्मा उपाध्यक्ष बने।

खास बात यह रही कि दोनों ही जनपद में क्रॉस वोटिंग देखने को मिली। छुरिया जनपद में कुल 25 सदस्यों में महज 19 ने ही अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया। इनमें संजय सिन्हा को 11 एवं कांग्रेस के एकांत चंद्राकर को 8 वोट मिले। वहीं उपाध्यक्ष में प्रशांत ठाकुर को 14 एवं कांग्रेस की सीमा यादव को 11 वोट मिले। यहां माना जा रहा था कि भाजपा के पास 19 सदस्यों का समर्थन है, ऐसे में कहा जा सकता है कि यहां तीन से चार वोट क्रॉस हुए। दूसरी ओर डोंगरगढ़ जनपद में 25 सदस्य में से भाजपा के 14 एवं कांग्रेस के 11 सदस्य बताए गए थे, लेकिन मतदान में अध्यक्ष पद के लिए लता विजय सिन्हा को 18 एवं कांग्रेस प्रत्याशी प्रीति वैष्णव को 7 वोट मिले। ऐसे ही उपाध्यक्ष के लिए भाजपा के हीराराम वर्मा को भी 18 वोट मिले।

---

## जांच में अमानक मिला इलायची दाना, 50 हजार रुपए का जुर्माना

**राजनांदगांव।** एडीएम ने अवमानक व मिथ्याछाप खाद्य प्रकरणों पर सुनवाई करते मेसर्स एवन स्वीट्स राका तहसील डोंगरगढ़ के संचालक मजहर खान के उपर 50 हजार रुपए और मेसर्स अशोका रेस्टोरेंट एण्ड लॉज कालकापारा डोंगरगढ़ के उपर 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। प्रकरण सुनवाई पश्चात दोषी पाए गए मेसर्स एवन स्वीस्ट राका के संचालक मजहर खान ग्राम राका तहसील के प्रकरण पारित आदेश अनुसार श्री प्रसाद इलायची दाना (पैक्ड) का सेम्पल जांच में अवमानक एवं मिथ्याछाप पाए जाने के कारण 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह एक अन्य मेसर्स अशोका रेस्टोरेंट एण्ड लॉज कालकापारा के संचालक मतीन अहमद के प्रकरण पारित आदेश अनुसार कुक्ड बॉयल्ड अरहर दाल का सेम्पल जांच में अवमानक पाए जाने के कारण 25 हजार रुपए अर्थदंड लगाया गया।

## बोर्ड परीक्षा का दौर और देर रात तक डीजे का शोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही है। वहीं शहर के कई जगहों पर देर रात तक शादी और अन्य आयोजनों में तेज आवाज पर डीजे साउंड बजाया जा रहा है। रात लगभग 11-12 बजे तक डीजे का शोर सुनाई दे रहा है। बोर्ड परीक्षाओं के बाद भी कोलाहल अधिनियम का पालन नहीं कराया जा रहा है। रात 10 बजे के बाद भी तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाए जाने से परीक्षार्थियों को दिक्कतें हो रही है।

### बस्ती के बीच बर्थ-डे और मैरिज लॉन

शहर में कई जगहों पर शादी पार्टियों के लिए बस्ती के बीच ही भवन बनाए गए हैं, जहां आयोजन होने पर फुल साउंड में डीजे बजाया जाता है। जिससे आसपास के रहवासियों को दिक्कतें भी होती है। शहर के कुछ जगहों पर बिना परमिशन के ही बर्थ-डे और मैरिज लॉन बना दिए गए, जहां आयोजन होने पर आसपास के लोगों को दिक्कत होती है। इनमें से कई जगह ऐसी है, जहां पार्किंग की व्यवस्था भी नहीं है।

### तेज आवाज से एकाग्रता भंग

इन दिनों कई जगहों पर शादी समारोह से लेकर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, जहां तेज आवाज में लाउड स्पीकर बजाया जा रहा है। लाउड स्पीकर की आवाज के चलते बोर्ड परीक्षाओं के विद्यार्थी अपना ध्यान अध्ययन में केंद्रित नहीं कर पा रहे हैं। घरों के आसपास आयोजन होने के चलते ज्यादा समस्या हो रही है।

### नहीं हो रही कार्रवाई

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में देर रात तक डीजे बजाए जाने पर भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। शादी भवनों के अलावा सार्वजनिक और निजी मैदानों पर भी आयोजन हो रहे हैं। पुलिस विभाग को बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर डीजे संचालकों की बैठक लेकर कड़ी हिदायत दी जानी थी। जिसके चलते नियमों का पालन नहीं हो रहा है।

## एमआरआई मशीन के लिए दोबारा होगा टेंडर




■ बसंतपुर-इंदिरा नगर नाले का होगा निर्माण, अस्पताल में भरने वाले पानी को रोकने 3 करोड़ से अधिक की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने जिला अस्पताल में बारिश के दिनों में भरने वाले पानी को रोकने के लिए 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति दिए जाने की बात कही है। वहीं नाला बनाने कलेक्टर को निर्देशित किया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव पहुंचे। यहां उन्होंने सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से भेंट की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वह शहर के पेंड्री में आयोजित कलार समाज के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं।

**एक माह के भीतर सीटी स्कैन की सुविधा:** अपने प्रवास के दौरान राजनांदगांव पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा को लेकर कहा कि एक माह के भीतर यहां सीटी स्कैन मशीन से जांच शुरू हो जाएगी। वहीं उन्होंने एमआरआई मशीन के लिए 25 करोड़ रुपए स्वीकृत होने और इसमें रिटेंडर करने की बात कही है।

### नाला बनाने निर्देश जारी

बसंतपुर-इंदिरा नगर क्षेत्र में नाले पर किए गए अतिक्रमण के चलते बारिश के दिनों में जिला अस्पताल में नाले का पानी भरने से होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इसके लिए हमने 3 करोड़ से अधिक की राशि दे दी है। वहीं नाला को बनाकर पानी डायवर्ट करने के निर्देश भी कलेक्टर को दिए गए हैं।

### प्लांट होगा शुरू

कोरोनाकाल में बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट को लेकर उन्होंने कहा कि कोरोना के समय आनन-फानन में ऑक्सीजन प्लांट बनाए गए थे, जो अधिकांश जगहों पर बंद हुए हैं। ऑक्सीजन प्लांट की रिपेयरिंग के लिए टेंडर किया गया है।

---

## परिचय सम्मेलन 9 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रायपुर ब्राइट फाउंडेशन ने सभी जाति समाज की विधवा, विधुर, तलाकशुदा महिलाओं पुरूषों के पुनर्विवाह हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन किया है। सम्मेलन में अविवाहित युवक युवतियां तथा उम्र दराज अविवाहित महिलाएं भी शामिल हो सकती है। प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि परिचय सम्मेलन आगामी 9 मार्च को सत्संग भवन महामाया मंदिर पुरानी बस्ती रायपुर में होगा।

संस्था द्वारा 2018 से यह आयोजन किया जा रहा है। अब तक 400 से अधिक लोगों का विवाह हो चुका है। अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने बताया कि महिलाओं का पंजीयन निशुल्क किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक महिलाएं एवं युवतियां लाभ उठा सके। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों का विवाह तय होता है तो उनका निः शुल्क आदर्श विवाह किया जाएगा।

### हर महीने दो दर्जन से अधिक सर्पदंश के मामले आ रहे सामने

# मुआवजा लेने का बदला तरीका, अब जहां सांप ने काटा वहां की चमड़ी को नमक में लपेटकर करना होगा जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सांप के काटने पर जांच उपरांत पीड़ित परिवारों को मिलने वाले मुआवजे के तरीके में अब बदलाव कर दिया गया है। मुआवजे की अर्जी लगाने वालों के लिए रीजनल फॉरेंसिक लैब द्वारा अब एक नया निर्देश जारी किया गया है। जिसके तहत सर्पदंश के मामलों में जांच के लिए सैंपल जमा करने के तरीके में बदलाव कर दिया गया है। अब सर्पदंश के मामलों में विवेचकों को पीड़ित या मृतक के शरीर के जिस हिस्से में सांप ने काटा होगा, उस हिस्से की चमड़ी को काटकर नमक में लपेटकर लैब में जमा करना होगा। ऐसा करने पर ही यह तय होगा कि पीड़ित को मुआजवा दिया जाएगा या नहीं।

मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों रीजनल फॉरेंसिक लैब के इंचार्ज ने दुर्ग एवं राजनांदगांव संभाग के आईजी एवं एसपी को एक पत्र जारी किया है। जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि जिस तरीके से सर्पदंश के मामलों में सैंपल जमा हो रहे हैं, उससे जांच किए जाने पर सटीक रिपोर्ट सामने नहीं आ रही है। सही जांच नहीं होने से रिपोर्ट प्रभावित हो रही है और पीड़ित को मुआजवा नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में इस नए तरीके को अपनाने को लेकर ही पत्र जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि ऐसा करने पर सांप के जहर का पता चल पाएगा और पीड़ित या मृतक के परिजनों को मुआजवा मिल पाएगा। मिली जानकारी के अनुसार सर्पदंश के मामलों में आपदा प्रबंधन मद से पीड़ित को चार लाख रुपए की राशि दी जाती है, लेकिन सर्पदंश के मामलों में अब तक विवेचक आमतौर पर बतौर सैंपल बिसरा के साथ ही चमड़ी को जमा करते आए हैं। ऐसे सैंपलों की जांच में सांप के जहर का पता लगा पाना जांच अधिकारियों के लिए भी मशक्कत साबित हो रहा था। जिससे रिपोर्ट सटीक नहीं मिल पा रही थी। वहीं पीड़ित को रिपोर्ट निगेटिव होने से मुआवजा नहीं मिल पा रहा था।



### सालभर में पौने दो सौ मामले

राजनांदगांव जिले में 1 वर्ष के भीतर सर्पदंश के 173 मामले शासकीय अस्पतालों में आए हैं। वनांचल क्षेत्र छुरिया, डोंगरगढ़ और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से अधिकांश सर्पदंश के मामले आते हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन सर्पदंश से पीड़ित एक-दो मरीज पहुंचते हैं। यहां महीनेभर में लगभग 20-25 सर्पदंश के मामले मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचते हैं। जिले के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित जिला अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों सहित लगभग 60 से 70 मामले सर्पदंश के आते हैं।

### सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी स्नेक वेनम

राजनांदगांव जिले में 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, जहां भले ही एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त व्यवस्था हो, लेकिन चिकित्सकों की कमी की वजह से देर रात आने वाले मामले में इलाज का अभाव भी देखने को मिलता है। वहीं मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवरत्न ने बताया कि सर्पदंश के मामलों को देखते हुए विभिन्न सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 936 एंटी स्नेक वेनम पहुंचा दी गई है, जो स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### पंचायत प्रतिनिधियों ने संभाला पदभार



**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत खपरीकला में सोमवार को प्रथम सम्मिलन और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में पंचायत सचिव रामदुलार साहू ने शासन के आदेश की जानकारी देते हुए नव निर्वाचित सरपंच माधुरी साहू, पंच ललेश्वरी खुटेल, सागर कुमार, कविता यादव, सुशीला निषाद, सोनुबाई, भोजराम साहू, उज्ज्वल निर्मलकर, मोहितकुमार, भारती कंवर, हिमाबाई, दीपक कुमार, ममता, मीरा और हीरालाल यादव को विधिवत शपथ दिलाया।

### सिलाई मशीन, वॉटर फिल्टर का वितरण



**मानपुर।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने घोड़ागांव और कुमुड़कट्टा में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिलाई मशीन, वॉटर फिल्टर और वाटर टैंक वितरित किया गया। कार्यक्रम में घोड़ागांव के 14 और कुमुड़कट्टा के 30 ग्रामीण लाभान्वित हुए। सिलाई मशीन मिलने से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। वहीं वॉटर फिल्टर और वाटर टैंक के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में आईटीबीपी के उप सेनानी राजवीर सिंह, निरीक्षक मनोज बेहरा, खड़गांव थाना निरीक्षक संजय यादव, सीताराम, प्रीतमसिंह, मूलचंद और पल्लेमाढ़ी के जवान उपस्थित थे।

### युवराज हुए सरपंच निर्वाचित



**बांधाबाजार।** स्थानीय ग्राम पंचायत में गत दिनों पंचायत चुनाव संपन्न हुए। सरपंच के पद पर युवराज नेताम निर्वाचित हुए। उन्होंने ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी वर्तमान सरपंच को 624 मतों के अंतर से पराजित किया। निर्वाचित सरपंच श्री नेताम को 846 एवं प्रतिद्वंदी को 222 मत मिले। नवनिर्वाचित सरपंच एवं समस्त पांचों ने गत दिनों शपथ लेकर पदभार ग्रहण किया।

### भोलापुर की सरपंच ने लिया शपथ



**छुरिया।** ग्राम पंचायत भोलापुर में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने पद एवं गोपनीयता के साथ गांव में स्वच्छता रखने की शपथ लिया। पंचायत सचिव गोविंद बाघमारे ने नवनिर्वाचित सरपंच चमेली बाई ठाकुर एवं 19 पंचो को ग्रामवासियों की उपस्थिति में शपथ दिलाया। शपथ लेने वालों में पंच खोमेश साहू, सोमेश साहू, शीशपाल साहू,योगेश्वरी साहू, अनीता साहू, हृदयराम साहू, विजय सिन्हा, राजेश्वरी साहू, दुर्पत साहू, भोजेश चतुर्वेदी, धनकुंवर साहू, श्रीबती साहू, हितेश्वरी साहू, सुनीता साहू, सुरेश साहू, प्रमिलाबाई, अनीता बाई, फगुवाराम चतुर्वेदी, दिलीप बंजारे शामिल थे। इस मौके पर पूर्व सरपंच रूखम प्रसाद पांडे, मोहित सिन्हा, हेमलाल चतुर्वेदी, सोहन साहू, ललित साहू, शिशुपाल साहू ने ग्रामीणों को संबोधित किया।

### हैंडवाश का कराया अभ्यास




**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक शाला मुरमुंदा में गत दिनों नीलिमा ढोमणे एवं सुनीता चंद्राकर के नेतृत्व में भारत स्काऊट्स एवं गाईड्स मुख्यालय नई दिल्ली तथा लाइफबॉय के साझेदारी से बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य की आदत विकसित करने हैंडवाश गतिविधि कराया गया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में 6 गाईड्स ने स्टेप बाय स्टेप हाथ को स्वच्छ करने का प्रदर्शन करने के साथ छात्र- छात्राओं से अभ्यास कराया। कार्यक्रम में शिक्षक, पालक एवं 170 छात्र- छात्राएं शामिल हुए।

### सेवानिवृत्त एवं पदोन्नत शिक्षकों को बिदाई



**डोंगरगढ़।** शनिवार को प्राथमिक शाला नारायणगढ़ में बिदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान पाठक उमराव सिंह चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि पदोन्नत शिक्षक मेषराम वर्मा, संतुराम धुर्वे एवं जयप्रकाश साहू थे। की अध्यक्षता जाफर अली ने की। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा एवं राज्य गीत के साथ हुई। स्वागत के पश्चात अभिनदन पत्र का वाचन पोखन साहू ने किया । सभी शिक्षकों का बिदाई देते हुए उन्हे साल, श्रीफल, मेमेन्टो दिया गया। कार्यक्रम में शाला समिति के अध्यक्ष चुम्मनलाल पटेल, नुपालसिंह निषाद, रेशमा निषाद, रोहिणी यादव, कुलेश्वर गंधर्व, रमिला कंवर, गायत्री बंजारे, उषा मेश्राम, आरती साहू आदि शामिल हुए। इसके पूर्व छात्राओं ने केक काटकर मुंह मीठा कराते हुए ससम्मान बिदाई दिया। अंत में शिक्षको एवं अतिथियों का उद्बोधन हुआ। संचालन नन्दकुमार साहू, भुनेश्वर कतलाम ने किया।



### पवित्र रमजान माह की शुरूआत

**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में रमजान के पवित्र माह की शुरूवात सुबह की शहरी एवं फजर की नमाज के साथ हुई है। मुस्लिम समुदाय के सभी वर्गों के लोग रोजा रख रहे है। छोटे बच्चे भी रोजा रख कर कुरान शरीफ की तराहबी में अपनी कुरान नाजीर की उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इस खास माह का मुस्लिम समुदाय के लोगों को उत्सुकता के साथ इंतजार रहता है।

### प्रबंधकों को सता रही सूखत की चिंता

# परिवहन सुस्त, गर्मी बढ़ने के साथ सूखने लगा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दो दर्जन से अधिक सोसायटियों से धान का परिवहन नहीं होने से प्रबंधक चिंतित है। धान खरीदी बंद हुए एक माह से अधिक समय गुजर गया है किन्तु अब तक धान का परिवहन नहीं हो पाया है।

जानकारी के अनुसार मेढ़ा, खुर्सीपार, रामाटोला, भंडारपुर, बढ़ईटोला, पाड़ादाह, मुसरा, मोहारा, विचारपुर, ढारा सहित अन्य समिति में अब तक 40 प्रतिशत से ज्यादा धान जाम है। कुछ समिति से नवम्बर में खरीदे गए धान को अब तक उठाव नहीं हो पाया है। धान का उठाव नहीं होने से प्रबंधकों को सूखत का डर सताने लगा है।



#### दिनों-दिन बढ़ रही गर्मी

समिति प्रबंधकों ने बताया कि 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ किया गया किन्तु एक माह तक धान का परिवहन नहीं हुआ। उसके बाद परिवहन प्रारंभ हुआ भी तो बहुत धीमा रहा। जो धान पहले खरीदा गया था वह नीचे दबा रह गया और सामने के धान का उठाव कर लिया गया। सबसे पहले खरीदा गया धान अब भी जाम है। गौरतलब है कि फरवरी माह से धूप दिनों दिन तेज होते जा रही है जिससे धान निरंतर सूख रहा है। वजन कम होने का खामियाजा आने वाले दिनों में प्रबंधकों को भोगना पड़ सकता है।

#### राईस मिलर्स मिलिंग करने में अक्षम

डोंगरगढ़। धान की सरकारी खरीदी बंद हुए एक माह से अधिक समय गुजर गया है किन्तु समितियों से अब तक धान का उठाव नहीं हो पाया है। परिवहन के अभाव में समितियों में अब भी धान खुले में रखा है और तापमान बढ़ने के साथ सूखत की समस्या गहराते जा रहीहै। एफसीआई गोदामों में निर्धारित मापदंडों के अनुरूप धान का भंडारण किया जा रहा है किन्तु राईस मिलर्स धान का उठाव कर मिलिंग करने में अक्षम नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार तापमान बढ़ने के बाद बीच रोजाना प्रति कट्टा 100 से 200 ग्राम वजन कम हो रहा है।

# अंधेरे में सड़क निर्माण ठेकेदार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नगर पंचायत के वार्ड एक में अंधेरे में सीसी सड़क निर्माण के मामले को संज्ञान में लेकर नगर पंचायत ने ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। इस मामले को हरिभूमि ने बीते नों प्रमुखता से उठाया था जिसके बाद नगर प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

उल्लेखनीय है कि वार्ड एक संत रविदास में अधोसंरचना मद से स्वीकृत 29 लाख की लागत से नहर नाली से खेत तक सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। ठेकेदार दिन के बजाए रात में स्तरहीन सीमेंट,गिट्टी का उपयोग निर्माण कर रहा था। इस आशय की खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत के सीएमओ अजय सिंह ने सीसी सड़क का निरीक्षण किया जिसमें कई खामियां देखने मिली। निर्माण में गड़बड़ी मिलने के बाद सीएमओ ने निर्माण एजेंसी श्याम इंडस्ट्रीज डोंगरगढ़ को नोटिस जारी किया है।



#### तीसरी बार ठेकेदार को नोटिस

जानकारी के अनुसार प्रस्तावित सीसी सड़क का निर्माण समयावधि पर नहीं करने पर ठेकेदार को पहले भी दो बार नोटिस थमाया जा चुका है। अब अंधेरे में निर्माण करने का मामला उजागर होने के बाद तीसरी बार नोटिस जारी किया गया है।

#### प्राक्कलन को दरकिनार कर निर्माण

अधोसंरचना मद से स्वीकृत सीसी सड़क का निर्माण प्राक्कलन के अनुरूप न करते हुए ठेकेदार जमकर मर्राशाही कर रहा है। इस कार्य में नगर पंचायत के इंजीनियर की भूमिका भी संदेह के दायरे में है।

### नागरिकों का जताया आभार

**डोंगरगांव।** जनपद पंचायत चुनाव के परिणाम घोषित होते ही भाजपा खेमा ख़ुशी से झूम उठा। नव निर्वाचित अध्यक्ष रंजीता पड़ोती और उपाध्यक्ष मनीष साहू सहित जनपद सदस्यों ने बैंड बाजे के साथ शहर में विजय जुलुस निकलकर नागरिकों का अभिवादन किया।



# क्विज प्रतियोगिता में पूजा भुआर्य विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। पहले दिन छात्र- छात्राओं के लिए क्वीज एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 5 मार्च को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने विज्ञान का दैनिक जीवन में होने वाले उपयोग एवं महत्व को बताया। अतिथि व्याख्याता सरोजनी वर्मा एवं लीना साहू ने रमन प्रभाव, हिमानी साहू ने आयुर्वेद, शुभि जैन ने विज्ञान का अन्य विषयों से संबंध तथा हरवंश चौरंगें ने विज्ञान के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर पूजा धनकर ने डॉ सीवी रमन का परिचय प्रस्तुत किया। इस मौके पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पूजा भुआर्य, द्वितीय चन्द्रप्रकाश साहू, तृतीय स्थान पूजा यादव एवं ओमलता साहू ने प्राप्त किया। मॉडल स्पर्धा में प्रथम ओमलता साहू, द्वितीय मुरली साहू तथा तृतीय स्थान पूजा यादव ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्राचार्य ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर मेधा देवांगन, दिव्यानी, मणि, तनु, प्रिया, वासिनी, उपासना, कबीर, गितेश, कुलदीप, यशंवत आदि उपस्थित थे। संचालन हेमशंकर याहू एवं सौम्या देवांगन ने किया। अंत में हनी ठक्कर ने आभार व्यक्त किया।

### विद्यार्थियों को दी गई वैदिक गणित की जानकारी



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग ने सोमवार को प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में अंतर्विभागीय व्याख्यान आयोजित किया। वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों को वैदिक गणित की जानकारी गणित विभाग के डॉ. निर्वेद शर्मा ने दिया। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष जीके यादव ने मुख्य वक्ता डॉ. शर्मा का स्वागत किया। डॉ. शर्मा ने छात्र-छात्राओं को वेदिक गणित के बारे में जानकारी देते हुए लाभ-हानि, प्रतिशत, भिन्न, अनुपात, समानुपात, वर्गमूल, घनमूल, साधारण भिन्न जैसे जटिल टॉपिक को वैदिक विधि से हल करने के बारे में बताया। संचालन पूर्वेश बांधव एवं आभार प्रदर्शन बेदप्रकाश साहू ने किया।

# निर्माण के साथ उखड़ने लगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत औंधी से नवागांव तक सड़क नवीनीकरण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस कार्य पर गंभीर सवाल उठाते हुए निर्माण में हो रही गड़बडी का वीडियो वायरल किया है। विडियों में डामर को आसानी से उखड़ते देखा जा सकता है।

ग्रामीणों के अनुसार औंधी से नवागांव तक लगभग 10 किमी लंबी सड़क का निर्माण 2018 में 332.62 लाख की लागत से किया गया था। अब सड़क के नवीनीकरण के लिए 151.16 लाख स्वीकृत हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नवीनीकरण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। सड़क पर बिछाया जा रहा डामर खुरचने पर आसानी से उखड़ रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है।



#### मिलीभगत का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और इंजीनियर की मिलीभगत से सड़क निर्माण में लापरवाही बरता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले को संज्ञान में लेकर जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### भागवत कथा ही जीवन का सार: पं. भरत



**सड़क अतरिय।** ग्राम घिरघोली में पूर्व विधायक कोमल जंघेल के निवास पर लखनलाल रूख्मणीबाई जंघेल की स्मृति में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। चित्रकुट के पं. भरत भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं। क्षेत्र के लोग बड़ी में शामिल होकर कथा का रसपान कर रहे हैं। सोमवार को कथा प्रारंभ होने से पहले आयोजक एवं ग्रामीणों ने पारंपरिक वाद्ययंत्र के साथ भजन कीर्तन करते हुए भव्य शोभा यात्रा निकाली। यात्रा गांव के प्रमुख मार्ग एवं मंदिरों से होकर कथा स्थल पहुंची। वेदी पूजा के बाद कथा आरंभ किया गया। महराज भरत ने विभिन्न सारगर्भित कथा के माध्यम से श्रोताओं को संसारिक मोह माया से समय निकाल कर सत्संग का लाभ लेने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है जिसे अच्छे कर्मों में लगाकर अंतरात्मा को नीर की तरह स्वच्छ रखना चाहिए। मनुष्य को उसके कर्म, धर्म के हिसाब से फल मिलता है इसलिए परोपकार, जनसेवा, माता पिता की सेवा करते रहना चाहिए। उन्होने सृष्टि वर्णन एवं ध्रुव चरित्र कथा के माध्यम से लोगों को मानव जीवन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ही मानव जीवन का सार है।

# सोनकुमार बने समाज के जिला उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज के जिला पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण समारोह स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में सिन्हा समाज द्वारा प्रकाशित डड़सेना ज्योति एवं डड़सेना संदेश के पूर्व चेयरमेन सोनकुमार सिन्हा को जिला उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। नव नियुक्त उपाध्यक्ष श्री सिन्हा वर्षो से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान दे रहे है। उनके कार्यों को देखते हुए नवीन कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। उनके अलावा डोंगरगांव के पत्रकार बालकृष्ण सिन्हा, मोती सिन्हा को भी दायित्व सौंपा गया है। इस कार्यक्रम में श्री जयसवाल के अलावा भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, दीपक सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, प्रदेश महामंत्री रिखीराम सिन्हा, देवेन्द्र जायसवाल सहित अन्य शामिल हुए। श्री सिन्हा को जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर उन्हे गंगाराम सिन्हा, पूनमचंद सिन्हा, ठाकुरराम सिन्हा, देवजी सिन्हा, हरचंद गजेन्द्र, रमेश सोनवानी, चंद्रिकाप्रसाद सिन्हा, निर्मला जितेन्द्र सिन्हा, लुकेश सिन्हा, नाथूराम सिन्हा, भागवत राम, गजरू सिन्हा, फागूराम सिन्हा, गोकुल सिन्हा, सीताराम सिन्हा, थनवार सिन्हा, जनक सिन्हा, हरिशंकर सिन्हा, रेवाराम सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, पवन सिन्हा, गोवर्धन सिन्हा आदि ने बधाई दी है।

# लाख के उत्पादन पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

वनमंडल स्तरीय लाख पालन एवं अग्निसुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन मानपुर परिक्षेत्र में किया गया। कार्यशाला में वनमंडलाधिकारी, उप-वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, कर्मचारी, वन प्रबंधन समिति के सदस्य एवं ग्रामीण शामिल हुए। कार्यशाला में लाख पालन के महत्व और तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई।

कांकेर के प्रख्यात लाख किसान नरेंद्र पटेल एवं पुरुषोत्तम मंडावी भी कार्यशाला में शामिल हुए। दीप प्रज्वलन के बाद उप-वनमंडलाधिकारी ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने लाख पालन की तकनीक, कलस्टर फार्मिंग के फायदे और किसानों को होने वाली आय की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कांकेर क्षेत्र में लाख पालन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि समूहिक कार्य करने से लाख पालन अधिक लाभदायक है।



#### विभाग करेगा सहयोग

वनमंडलाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वन विभाग इस कार्य में पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने बताया कि लाख पालन कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है, जिसे पारंपरिक खेती के साथ अपनाकर आर्थिक स्थिति मजबूत किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान कुसुम वृक्षों की प्रूनिंग तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# Shri Shankaracharya Professional University Bhilai

Established under Chhattisgarh Private Universities (Established and Operation) Act,2005 & Under Section 2(f) of UGC Act 1956

## ADMISSIONS OPEN 2025-26

Toll free no. 1800-547-1065

**Ph D** Journalism & Mass Communication, Physics, Chemistry
Life Science(Botany, Zoology, Bio-Tech, Bio-Chemistry,Micro-Biology)
Mathematics, Hindi, English, Commerce, Management
Pharmacy, Engineering*

### Course offered @ SSPU

**Computer & IT Engineering**
B.Tech(Hons.)
AIML & IoT
Cyber Security & IoT
M.Tech

**Computer Application**
BCA
MCA
DCA
PGDCA

**Management & Commerce**
BBA / MBA
MBA (Part Time)
B.Com
B.Com (Hons.)
M.Com

**Science & Life Science**
B.Sc. (PCB, PCM, CS)
B.Sc. (Hons.)
(PCB, PCM, CS)
M.Sc. (PCM)
(Biology, Zoology, Micro-Biology Bio-Technology)(Computer Science)

**Health & Allied Science**
Master
in Hospital Administration

**Education**
Diploma
(Nursery Teacher Training)
M.A. (Education)
B.A. / M.A.
P.G. Dip (Yoga)

**Pharmacy**
D. Pharma
B. Pharma, M. Pharma

**Arts & Social Science**
B.A.J.M.C.
M.A.J.M.C.
B.J. / M.J.
B.A. / M.A.
B.Lib.I.Sc. / BSW
M.Lib.I.Sc. / MSW

**Physical Education**
Bachelor / Master
(Physical Education & Sports)
Certificate
PG Diploma
(Sports coaching)

**Law** LLB, B.A. LLB, B.Com. LLB

### State of Art Infrastructure

- Canteen
- Well Furnished & Safe Hostel Facility(separate For Boys & Girls)
- Recording Room
- In-campus medical Facility
- Swimming Pool
- Gym
- Badminton Court
- Music Room
- Free Wifi
- Basketball Court
- Auditorium
- Library

www.shrishankaracharyauniversity.com
0788-4088810, 0788-4088811, 6232010132, 6232010130

# SHRI SHANKARACHARYA TECHNICAL CAMPUS, BHILAI

ज्ञानादेव तु कैवल्यम
An NAAC "A" Grade Institute | APPROVED BY AICTE

25 YEARS OF EXCELLENCE

NBA UG COURSES* | NAAC "A" GRADE | nirf 2020, 2021 & 2023 RANK BAND 251-300 | INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL | ARIIA | GREEN MENTORS | ISO 9001:2015 CERTIFIED INSTITUTION

### AICTE Courses offered @ SSTC

**B Tech (CSE)**
CSE
CSE (AI&ML)
CSE (DATA SCIENCE)
CSE (CYBER SECURITY)

**B Tech (Engineering)**
Civil Engineering
Electrical Engineering
ET & T Engineering
Mechanical Engineering

**M Tech**
- AI & Machine Learning
- CS & Engineering
- Geotechnical Engineering
- Power Systems Engineering
- Structural Engineering
- Thermal Engineering
- Transportation Engineering
- VLSI Design

**Ph D**
Engineering
Management
Computer Aplications

MBA | MCA | BBA | BCA

DIGITAL CAMPUS 2.0 ON Google

MOUS WITH- NASSCOM, unicef
NSS President Award

### PLACEMENTS

2955+ Placements in the last 4 years
30+ MoUs
260+ Recruiting Companies
1445+ Internships in the last 4 years

SSTC Placements 2024-25 Continue: Diverse Opportunities

### Our Prominent Recruiters/Top Companies

IBM, HEXAWARE, Tech Mahindra, NUCLEUS SOFTWARE, GRAMONT, accenture, amicus, MACLEODS, JBM, aakash, jaro education

for CSE, IT, ETC & MCA: Deloitte, Capgemini, Cognizant, tcs
for Mechanical and Electrical: JSW, SISCOL
for MBA: ESAF, amazon

HIGHEST INTERNSHIP STIPEND-50K/MONTH

www.sstc.ac.in
Toll free no. 1800-547-1064
0788-4088888, 9039551113

Find us on

Opp. Shri Shankaracharya Institute of Medical Sciences, Junwani,Bhilai, Chhattisgarh, 490020

## खबर संक्षेप

### निर्मला गांव जाकर करेगी आभार प्रदर्शन

**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 पैलीमेटा से निर्वाचित सदस्य निर्मला विजय वर्मा कल गुरूवार को आभार प्रदर्शन करने विभिन्न ग्रामों का दौरा करेंगी। जानकारी अनुसार निर्मला विजय वर्मा सुबह 10 बजे गहिराटोला,10.30 बजे अचानकपुर, 11 बजे जंगलपुर, 11.30 मगरकुंठ, 12बजे भदेरा, 12.30 सिंगारपुर, 2 बजे बेलगाँव, 2.30 बजे सुकतरा, डनडुटोला, 4 बजे ठाकुरटोला में मतदाताओं का आभार जताएंगी।

### कार्यशाला में शामिल होने पदाधिकारी रवाना

**बांधाबाजार।** विकासखंड अंबागढ़ चौकी में कार्यरत संस्था मोबाईल क्रैचेस द्वारा बाल देखरेख एवं विकास के महत्व पर कार्य किया जा रहा है। मोबाइल क्रेचेस ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित किया है जिसमें जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नरोत्तम देहारी, पूर्व सदस्य योगमाया साहू, रागिनी सोरी, मोनी साहू, सरपंच गोविंद नुरेटी शामिल होंगे।इस राष्ट्रीय कार्यशाला में चार राज्यों के पंचायत पदाधिकारी शामिल होकर अपने अनुभव साझा करेंगे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत की प्रथम अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार तथा उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के निर्वाचित होने पर ग्रामीण क्षेत्रके भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दिया। जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, डोमार सिंह, महेश जैन, मिथलेश जैन, मनोज जंघेल, आनंद पटेल, अनुज साहू, दूजेराम वर्मा, शिवकुमार, रमेश जंघेल, पवन पटेल, विशम्भर पटेल, प्रकाश जंघेल, भीखु हिरवानी, तुका राम, रोशन जंघेल, आत्मा राम आदि ने उन्हें बधाई दिया है।

### विकास का वादा कर लिया शपथ

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत कुकुरमुडा में सोमवार को नवनिर्वाचित



पंचायत प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच संतोष यदु ने पंच रूपेन्द्र वैष्णव, गैंदू साहू, सतीश साहू, श्यामपाल, गौतम साहू, कुमारीबाई पाल, भागाबाई साहू, जेठियाबाई साहू, राधिकाबाई साहू, हेमाबाई साहू, जमुनाबाई खुटे, उमाबाई साहू के साथ शपथ लेकर गांव का विकास का वादा किया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच राजकुमार साहू, सचिव बिन्दिया मानिकपुरी, हेमंत साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### दुर्गा मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

**डोंगरगढ़।** इंदिरा नगर के दुर्गा मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि के तीसरे दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री रघुनंदन भक्त युवा समिति के साथ विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष तरुण हत्थेल ने भाग लिया। इस अवसर पर बमलेश्वरी माता मंदिर ट्रस्टी हनी गुप्ता का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में शुभम परिहार, अमर समुद्रे, मनीष समुद्रे, बजरंग दल नगर संयोजक ऋषभ डकहा, हिमांशु डकहा, लकी करसे, अभय डकहा, राहुल करसे और अतुल बिरहा ने भाग लिया।

# बागियों पर कार्रवाई की मांग जिलाध्यक्ष पर बिफरे कार्यकर्ता

- बागी चुनाव लड़ने वाले पर कार्रवाई की मांग
- ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के निवास पर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने कांग्रेस छोड़कर एक अलग दल बनाकर जनपद का चुनाव लड़ा, जहां उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा । इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी की भागीदारी निभाने पहुंचे जिला कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बागी चुनाव लड़ने वाले पर कार्रवाई की मांग को लेकर बिफर पड़े ।

जनपद चुनाव को लेकर कांगधागवत साहू के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पंकज बाधव एवं चुनाव प्रभारी बिरेन्द्र बोरकर छुरिया पहुंचे थे, जहां उन्हें अजीबो हालात से गुजरना पड़ा। उनके कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने एक तरह से कांग्रेस पार्टी का बायकाट कर दिया। उनके बुलावे को ठुकरा कर अलग दल बनाकर अपने दमखम पर जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ा। इधर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के समक्ष ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन के निज निवास पर पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू एवं ब्लाक कांग्रेस के कार्यकारिणी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा के पास जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ बागी होकर चुनाव लड़ने वाले चुम्मन साहू एवं नगर पंचायत के चुनाव में अध्यक्ष एवं पार्षद पदों पर कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ता बिफर पड़े । हालात ऐसे हो गए कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष को सफाई देना पड़ गया।

### आठ बागियों की सौंपी सूची

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन की अनुशंसा पर 8 कांग्रेस के बागियों की सूची जिलाध्यक्ष को कार्रवाई करने सौंपा गया । इस दौरान बैठक में नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी मनोज सिन्हा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, सतीश पटेल, तरूण सिन्हा, शेखर मंडलोई, शकील कुरैशी, राम साहू, अब्दुल खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वच्छता टीम ले रही शहर का जायजा



**गंडई पंडरिया।** शासन के निर्देशानुसार गंडई नगर पंचायत में स्वच्छता सर्वेक्षण टीम का 2 मार्च को आगमन हुआ। टीम ने 3 से 7 मार्च तक एसएलआरएम सेंटर, सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय, बाजार क्षेत्र, तालाब और अन्य सार्वजनिक स्थानों का गहन निरीक्षण कर रही है। निरीक्षण के दौरान टीम एसएलआरएम सेंटर, रानी बगीचा, वार्ड 5 में एफएसटीपी और सीएडी सेंटर की सफाई व्यवस्था का जायजा ले रही है। सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों में सफाई, वेंटिलेशन, प्रकाश, पानी की उपलब्धता, दरवाजों पर कुंडी, वॉश बेसिन में साबुन, महिला और पुरुष के लिए अलग प्रवेश द्वार, केयरटेकर और शिकायत निवारण जैसी सुविधाओं की जांच की जा रही है। इसके अतिरिक्त टीम वार्डों में सड़क और नालियों की सफाई, बाजार और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता और तालाबों की सफाई का भी निरीक्षण कर रही है। टीम वार्डों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर फीडबैक ले रही है।

### सफाई के आधार होगी ग्रेडिंग

नगर में समुचित साफ-सफाई व्यवस्था के आधार पर शासन स्तर पर ग्रेडिंग दी जाएगी। नगर को स्वच्छ बनाने और अच्छी ग्रेडिंग दिलाने के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी अविनाश देवांगन ने अधिकारियों और कर्मचारियों को एसएलआरएम सेंटर, सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय, बाजार क्षेत्र, तालाब और अन्य सार्वजनिक स्थानों में पर्याप्त सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। श्री देवांगन ने कहा हम नगर को स्वच्छ बनाने और अच्छी ग्रेडिंग प्राप्त करने प्रतिबद्ध हैं।

# यशवंत बने सबसे युवा जनपद सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



- महज 23 साल की उम्र में दर्ज की जीत

जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 24 साल्हेकला से निर्वाचित जनपद सदस्य यशवंत जंघेल सबसे युवा हैं। वह मात्र 23 साल की उम्र में अपने पहले चुनाव में रिकार्ड मत से जीत दर्ज किया है। जानकारी अनुसार चुनाव मैदान में भाजपा-कांग्रेस उमीदवार के अलावा यशवंत जंघेल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमा रहे थे। श्री जंघेल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को लगभग 725 मत से पीछे छोड़ कर रिकार्ड जीत हासिल किया है। ज्ञात हो कि वह स्नातक के छात्र है। जब वह दसवीं में अध्ययनरत थे तब उनके पिता का निधन हो गया था। घर की पूरी जवाबदारी आने के बाद उन्होंने पढ़ाई जारी रखते हुए जनपद का चुनाव जीत कर क्षेत्र का विकास का जिम्मा लिया है।

# अब होगी केवल विकास की बात, अध्यक्ष और पार्षदों ने लिया शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर पंचायत छुईखदान की नवनिर्वाचित अध्यक्ष नम्रता गिरिराज वैष्णव ने बुधवार को शपथ ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों के भरोसे पर खरा उतरना उनका पहला लक्ष्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत में अब विकास की बात होगी। नगर विकास के लिए सभी एकजुटता के साथ आगे आएंगे।

नगर पंचायत छुईखदान द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अनुविभागीय अधिकारी रेणुका रात्रे ने अध्यक्ष नम्रता गिरिराज वैष्णव को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष के शपथ के बाद नवनिर्वाचित पार्षद प्रकाश महोबिया, निशा




वैष्णव, पन्ना मंडावी, उमाकांत महोबिया, रुपबाला महोबिया, निधि तिवारी,शैव्या वैष्णव, अनुभा संजय जैन, पंचम साहू, मनीष कोचर, चंद्रेश कुंभकार, घनाराम देवांगन, महेश नारकर, प्रेम पाल, संजू सिंह नेताम ने शपथ लिया।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजा गिरिराज किशोर दास, शांतिलाल जैन, छोटे राजा देवराज किशोर दास, सुधीर जैन, लाल शिवेंद्र किशोर दास, मोतीलाल जंघेल, हेमंत शर्मा, संजीव दुबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, हेमंत वैष्णव, मुकेश वैष्णव, कमल किशोर वैष्णव, डॉ,विनय गिरपुंजे, कमलेश यादव, आशु खान, अनुराग सोनी, अनिमेष महोबिया, अख्तर सोलंकी, इमरान खान, लता गांगेय, नितिन कोचर, हमीदा बेगम, रामकुमार पटेल, गब्बू कोचर, निशु दाऊ, संजय जैन, अशोक राव, प्रेमकुमार चंद्राकर, सीएमओ कमल नारायण जंघेल, कुलदीप झा, उपयंत्री कुंभकार, प्रशांत चंद्राकर, भूपेंद्र चौबे, प्रत्यूष महोबिया, भागी कुंभकार, टंडन,पाल सहित नगरवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे। अंत में आभार ज्ञापन सीएमओ कमल नारायण जंघेल ने किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202502092100/9 अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विवेक कुमार गुप्ता आ. कमलनारायण गुप्ता, जाति बनिया, निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के पिता कमलनारायण एवं विजय कुमार गुप्ता के नाम व स्वामित्व हक की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ स्थित शीट नंबर 6 भूखण्ड क्रमांक 2003/1 रकबा 1885 वर्गफीट भूमि स्थित है। आवेदक के पिता कमलनारायण की मृत्यु दिनांक 08/12/2021 व सहखातेदार विजय कुमार की मृत्यु दिनांक 11/08/2024 को हो चुकी है। आवेदक अपने पिता के स्थान पर अपना नाम फौती नामांतरण दर्ज कराना चाहता है। कमलनारायण के वैध वारिसान क्रमशः 1. पत्नि श्यामा गुप्ता बेवा कमलनारायण, 2. पुत्र विवेक कुमार गुप्ता पिता कमलनारायण एवं विजय कुमार गुप्ता के वैध वारिसान क्रमशः 3. पत्नि निर्मला गुप्ता बेवा विजय कुमार गुप्ता, 4. पुत्र अखिलेश कुमार गुप्ता पिता विजय कुमार गुप्ता, 5. पुत्र विकास कुमार पिता विजय कुमार गुप्ता, 6. पुत्र गुप्ता आनंद कुमार गुप्ता पिता विजय कुमार गुप्ता है। फौती नामान्तण करने का निवेदन किया है। अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 24/03/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
डोंगरगढ़ (छ.ग.)






विज्ञापन संकलन : प्रकाश अग्रवाल, हरिभूमि संवाददाता, डोंगरगढ़, मो.नं. 9300963883

## सार समाचार

### प्रधान पाठक को दी विदाई



**राजनांदगांव।** पूर्व माध्यमिक शाला बैगाटोला में पदस्थ प्रधान पाठक केके जनार्दन का शाला परिवार सहसपुर दल्ली द्वारा ससम्मान विदाई दिया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सरपंच ज्योति भुवन गंधर्व उपस्थित रही। इस अवसर पर सरपंच द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बच्चों को आशीर्वाद दिया। उक्त अवसर पर संकुल समन्वयक अवध वर्मा ने अपने विचार रखे। इस दौरान विनोद कुमार अलमोरे, उपेन्द्र साहू, फ़तीश साहू, जितेन्द्र हिरवानी, शबनम खान, इकबाल खान, मीना यादव, ओमकुमारी, गीता पोड़ेती, श्यामवती एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### भाजयुमो ने मनाया अभिषेक का जन्मदिन



**राजनांदगांव।** पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के जन्मदिन के अवसर पर जिलेभर के कार्यकर्ताओं व आम जनता ने उन्हें बधाई देकर उनके सुखद भविष्य की कामना की। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि बहुत ही शालीन और सौम्य तरीके से स्थानीय विधायक निवास में अभिषेक सिंह का जन्मदिन मनाया गया, जहां भाजयुमो जिला पदाधिकारी, उत्तर दक्षिण एवं ग्रामीण मंडल सहित अन्य मोर्चा प्रकोष्ठ के लोगों ने अभिषेक सिंह का अभिनंदन कर उन्हें मंगलकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने केक काटकर व गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि राजनांदगांव के अपने परिवार के बीच जन्मदिन मनाना अद्भुत सुखद रहा।

### जिपं अध्यक्ष ताम्रकार का गर्मजोशी से स्वागत



**सड़क अतरिया।** नवगठित जिला की प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद निर्वाचन क्षेत्र पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रियंका खम्हन ताम्रकार का भव्य स्वागत किया। ताम्रकार ने घिरघोली पहुंच कर सिद्ध बाबा, श्री मद भागवत एवं पूर्व विधायक कोमल जंघेल से आशिर्वाद लिया। कुकुरमुडा चौक, सड़क अतरिया में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत कर बधाई दिया। खैरा नर्मदा पहुंचने पर ताम्रकार ने लोधेश्वर मंदिर एवं नर्मदा मैय्या की पूजा अर्चना किया। यहां भी समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी कर उनका अभिनंदन किया। डीजे की धुन पर सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ खैरा से नर्मदा से अवंती चौक तक स्वागत रैली निकाला गया। इस अवसर पर प्रियंका ताम्रकार ने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। जिले का हर गांव विकास की एक नयी पहचान बनाएगा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, डोमारसिंह, प्रकाश जंघेल, महेश जैन, मनीष जैन, मिथलेश जैन, मनोज जंघेल, आनंद पटेल, अनुज साहू, शिव कुमार, रमेश जंघेल, पवन पटेल, विशम्भर पटेल, लालचंद पटेल, बोधनसिंह मेंरावी, प्रकाश जंघेल, दूजेराम वर्मा, तुकाराम, रोशन जंघेल, आत्माराम, टोकेन्द्र जंघेल, चोवाराम, अरविंद जंघेल, अश्वनी ज़घेल, भैरव, प्रदीप, डीला राम, बेनलाल, गोलू, डीकेश जंघेल, गजेन्द्र कांति जंघेल, सहित जीराटोला, मानपुर, दौजरी, चकनार, बेलगांव, खैरा नवापारा, सड़ी, पंडरिया, खैरबना के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### सांसद की अनुशंसा पर करोड़ों के कार्य स्वीकृत



**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने नवीन बजट में राजनांदगांव-खैरागढ़ फोरलेन सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने बताया कि राजनांदगांव-खैरागढ़ 30-40 किमी सड़क फोरलेन निर्माण के लिए कुल लागत 4 करोड़ के आंशिक 80 लाख का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। वहीं खैरागढ़ शहरी क्षेत्र के 3 किमी व गंडई शहरी क्षेत्र के 3 किमी में फोरलेन निर्माण के लिए कुल लागत 4 करोड़ के आंशिक 80 लाख का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। खैरागढ़-डोंगरगढ़ बीटी रिनिवल कार्य के 18 किमी के लिए कुल लागत 5 करोड़ 40 लाख के आंशिक 1 करोड़ 8 लाख का आंशिक प्रावधान किया गया है। खैरागढ़-लांजी मार्ग 7 किमी की मज़बूतीकरण के लिए कुल लागत 6 करोड़ 30 लाख के आंशिक 1 करोड़ 26 लाख का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। इसी तरह दाऊचौरा-खैरागढ़-ढारा मार्ग सड़क चौड़ीकरण के 10 किमी के लिए कुल लागत 5 करोड़ में से 1 करोड़ का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। बेलगांव से मोहगांव 5 किमी सड़क निर्माण के लिए 5 करोड़ में से 1 करोड़ व कामठा हरदी सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ में से 60 लाख प्रारंभिक प्रावधान किया गया है।

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 20 तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पेंड्री राजनांदगांव में पंजीकृत व्यवसाय सेक्टर-ऑटोमोबाईल के टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक हितग्राही 20 मार्च तक शासकीय आईटीआई राजनांदगांव में पंजीयन करा सकते हैं। इस योजना में टैक्सी ड्राईविंग एवं मरम्मत संबंधी प्रशिक्षण दिया जाना है।

### कांग्रेस के पास फार्म दाखिल करने नहीं थे पर्याप्त सदस्य

# वनांचल की पहली जिला पंचायत में खिला कमल, नम्रता बनी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में कांग्रेस की जमकर दुर्गति हो गई है। आज राजनीतिक गलियारों में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर सबकी निगाहें सर्वसम्मति के माहौल के साथ टिकी रही। भाजपा नेत्री नम्रता सिंह प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष तथा भोजेश शाह उपाध्यक्ष पद के लिए चुने गए हैं। त्रि-स्तरीय चुनाव में जिले के ग्राम पंचायतों की सबसे बड़े सदन में भूमिका निभाने कांग्रेस पार्टी की ओर से मजबूत विपक्ष भी नहीं बचा। एक तरह से पूरा का पूरा जिला पंचायत अब भगवामय हो गया है।

उल्लेखनीय है कि आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के 10 सीटों वाले जिला पंचायत सदस्यों के सदन के लिए प्रशासनिक तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया गया। सदस्यों ने बिना किसी चुनाव के सर्वसम्मति से भाजपा जिला अध्यक्ष नम्रता सिंह को जिला पंचायत अध्यक्ष तथा भाजपा के युवा नेता भोजेश शाह मंडावी को उपाध्यक्ष चुना गया। नम्रता सिंह के जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी में हर्ष का माहौल है। वहीं पंचायत प्रतिनिधियों में उम्मीद जगी है कि जिला पंचायत में अध्यक्ष की कुर्सी में बैठने वाली समाजसेवी नम्रता सिंह के बागडोर संभालने से गांव और अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी।



#### दोनों पदों पर बनी रहेंगी नम्रता

चुनाव के ठीक 2 महीने पहले भाजपा नेत्री नम्रता सिंह को जिला भाजपा अध्यक्ष के पद देकर भारतीय जनता पार्टी ने एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपा। नम्रता सिंह के नेतृत्व में लड़े गए त्रि-स्तरीय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व नेता जिले के तीन विकासखंडों में पंचायत के अलग-अलग पदों पर एकतरफा जीत हासिल किए हैं। इसी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने स्पष्ट किया है कि नम्रता सिंह मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष तथा जिला भाजपा अध्यक्ष दोनों पदों का निर्वहन करती रहेंगी।

#### मजबूत विपक्ष भी नहीं

जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के आज निर्वाचन बाद जिला पंचायत के 10 सीटों में आठ पर भाजपा के जिला पंचायत सदस्य काबिज हैं। वहीं सिर्फ दो सीट आमाटोला और मानपुर क्रमांक पर कांग्रेस के दो महिला प्रत्याशी जीत के आए हैं। जिसके चलते सदस्य विपक्ष का भी रोल अदा नहीं कर पाएंगे।

#### पंचायत स्तर पर होगा काम

चुनाव संपन्न होने के बाद हरिभूमि से विशेष बातचीत में समाजसेवी व नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने कहा कि वह जिले के विकास और पंचायत स्तर पर जनता के हितों के लिए कार्यों को प्राथमिकता देगी।

#### सदस्यों ने दिया एकता का परिचय

जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के पहले भाजपा खेमे में ही गुटबाजी और हम बनेंगे जिला पंचायत अध्यक्ष का दौर चरम पर था। वहीं आज निर्विरोध निर्वाचन ने जिले में राजनीतिक एकता और सकारात्मक माहौल का संदेश दिया है। इधर वनांचल की पहली जिला पंचायत में भाजपा की सरकार बनने के बाद से कांग्रेसी खेमे में खलबली मची है। कांग्रेस विधायक के गढ़ में कमल के खिलने से आरोप और प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है।

# कांग्रेसियों की मदद से भाजपा को मिली जीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जनपद पंचायत में बहुमत मिलने के बाद भाजपा ने जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद पर जीत दर्ज किया है। 25 सदस्यों वाली जनपद पंचायत में भाजपा के 14 सदस्य थे। कांग्रेस खेमे में 11 सदस्य होना बताया जा रहा था। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा को 18-18 वोट मिले। वहीं कांग्रेस 7 वोटों में ही सिमटकर रह गई।

निर्धारित समय के अनुरूप भाजपा ने तगड़ी घेराबंदी करते महापौर मधुसूदन यादव, राजेन्द्र गोलछा, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सौरभ कोठारी, सावन वर्मा, हरविंदर सिंग मंगे एवं तीनों मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में 17 जनपद सदस्य जनपद पंचायत पहुंचे। वहीं कांग्रेस के पर्यवेक्षक दुर्गेश द्विवेदी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज चौहान के साथ 8 सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराया। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया गया। भाजपा ने अध्यक्ष के लिए लता अजय सिन्हा और कांग्रेस ने प्रीति वैष्णव को प्रत्याशी बनाया था। भजपा की लता अजय सिन्हा ने एकतरफा जीत दर्ज किया। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा से हीराराम वर्मा और कांग्रेस से मनहरण सिन्हा ने नामाकंन दाखिल किया था। भाजपा के हीराराम वर्मा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा पदाधिकारियों और सदस्यों ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। क्षेत्र क्रमांक 14 के जनपद सदस्य तामेश्वर वर्मा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जनपद अध्यक्ष के लिए मतदान करने के बाद उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य सरकारी केंद्र में भर्ती कराया गया।

#### बरगलाकर कराया मतदान

जनपद पंचायत में चुनाव अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को लेकर भाजपा के पक्ष में भले ही गया हो, किन्तु कांग्रेस के पर्यवेक्षक ने भाजपा की इस जीत को कांग्रेस के कुछ दिग्गज नेताओं द्वारा पार्टी से की गई गद्दारी एवं मोनोपल्ली के चलते हार होना बताया है। दुर्गेश द्विवेदी ने बताया कि पूर्व जनपद सदस्य मनोज सिन्हा, किसान नेता दशरथ ठाकुर और जनपद सदस्य जेठू कंवर ने कांग्रेस के 13 जनपद सदस्यों में 6 लोगों को बरगलाकर भाजपा के पक्ष में मतदान कराया है। जिसमें क्षेत्र के दिग्गज कांग्रेसी विधायक की भूमिका भी थी। उन्होंने कांग्रेस की हार को क्षेत्र के दिग्गज कांग्रेस नेताओं को ही हार का मुख्य कारण बताया।

#### जीताने में की मदद

कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा एवं विजयराज चौहान ने बताया कि उनके पास चुनाव के दो दिन पहले तक 13 जनपद सदस्यों का समर्थन था, किन्तु कांग्रेस के ही कुछ लोगों ने पार्टी के साथ गद्दारी करते सेंधमारी कर भाजपा को जीताने में मदद की है। पार्टी जल्द ही उन लोगों के खिलाफ भी पार्टी से निष्कासन की कार्रवाई करेगी। इधर इस पूरे मामले में कांग्रेस विधायको की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे है।

### संजय अध्यक्ष और प्रशांत उपाध्यक्ष निर्वाचित

# डेढ़ दशक बाद जनपद में भाजपा का कब्जा



**छुरिया।** जनपद पंचायत छुरिया में अध्यक्ष एंव उपाध्यक्ष निर्वाचन संपन्न हुआ। चुनाव को लेकर सुबह से भाजपा एवं कांग्रेस के समर्थकों जनपद पंचायत में दिखाई देने लगे थे। जनपद अध्यक्ष के लिए संजय सिन्हा ने नामांकन दाखिल किया वहीं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एंकात चन्द्रकार ने भाजपा के खिलाफ जाते हुए अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल किया। डिप्टी कलेक्टर पीठासीन अधिकारी अभिषेक तिवारी, जनपद सीईओ सहायक पीठासीन अधिकारी होरी लाल साहू ने चाक चौबंद व्यवस्था के साथ चुनाव संपन्न कराया। नाम वापसी के बाद मतदान हुआ, जिसमें संजय कुमार सिन्हा को 11 मत प्राप्त हुए एवं एकांत चन्द्रकार को 8 मत मिले। वहीं जनपद उपाध्यक्ष के लिए प्रशांत ठाकुर को 14 मत तथा कांग्रेस की सीमा यादव को 11 मत मिले। भाजपा का जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर कब्जा हो गया।

#### चन्द्राकर ने बदला पाला

प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने जनपद सदस्यों से वन टू वन चर्चा कर संजय सिन्हा एवं प्रशांत ठाकुर का नाम फायनल किया था। पूर्व उपाध्यक्ष एकांत चन्द्रकार पाला बदलते हुए कांग्रेस के साथ मिलकर नामांकन दाखिल किया जिन्हे हार का सामना करना पड़ा। अध्यक्ष के लिए भाजपा के खिलाफ एक सदस्य ने क्रास वोटिंग किया तो जनपद उपाध्यक्ष के खिलाफ तीन सदस्य ने क्रास वोटिंग किया।

# महाविद्यालय अतिक्रमण की चपेट में, सीमांकन कराए जाने की मांग



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई द्वारा राजा महंत दिग्विजयदास महाविद्यालय भवन व शिक्षण संस्था परिसर के लिए उसे प्राप्त भूमि के सीमांकन किए जाने की मांग को लेकर नगर मंत्री अक्षत कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधीश संजय अग्रवाल को सौंपा गया।

उल्लेखनीय है कि साहित्यिक तपोभूमि नगरी राजनांदगांव में संचालित इस महाविद्यालय को स्थापित किए जाने हेतु यहां के रियासतकालीन महाराजा महंत दिग्विजयदास द्वारा दान में भूमि दी गई थी, जिस पर आज यह शिक्षण संस्था संचालित है। दान में प्राप्त इस संस्था की भूमि का एक लंबी अवधि से सीमांकन नहीं कराया गया है। जिससे वर्तमान समय में भूमि की वास्तविक स्थिति से अनभिज्ञता की स्थिति है।

गौरतलब हो कि दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव राजगामी संपदा की धरोहर नांदगांव रियासत के राजा महंत दिग्विजयदास की महत्वाकांक्षी इच्छा कि यहां शिक्षा का केंद्र बने। उन्होंने अपना महल व भूमि शिक्षा मंडल को दान में दी थी, परंतु महाविद्यालय के वाहन पार्किंग स्थल का एक बड़ा हिस्सा अतिक्रमण की चपेट में आ चुका है और महाविद्यालय के विद्यार्थियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विद्यार्थी परिषद द्वारा दिग्विजय महाविद्यालय की भूमि के शीघ्र ही सीमांकन कराए जाने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपे जाने के समय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अक्षत कुमार श्रीवास्तव, चंदना श्रीवास्तव, धनंजय पांडे, प्रतीक गढ़वाल, भूपेंद्र पाल, निकिता श्रीरंगे आदि उपस्थित थे।

# गोवर्धन परिक्रमा में आज भी अनेक ऐतिहासिक चिन्ह अंकित : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्री अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह के छठवें दिन व्यासपीठ पर विराजित आचार्य अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि गोवर्धन पर्वत वृंदावन में है, गो अर्थात इंद्रियों का वर्धन, जो इंद्रियों का वर्धन करें, इसका एक अर्थ गौमाता बढ़ाने से भी है। सात दिन सात रात्रि सात वर्ष की आयु में सात कोस के गोवर्धन पर्वत को भगवान कृष्ण ने धारण किया अर्थात जब हम सोते हैं, जागते है, तब हर समय कृष्णरूपी आत्मा धारण किए रहते है। सबकी आत्मा कृष्ण है। सर्वत्र कृष्ण द्वारा ही पोषण हो रहा है। अनेक लोक इस पर प्रश्न करते हैं, ऐसा वे ही लोग करते हैं, जो प्रभु की सत्ता को नहीं मानते एवं अधर्मी है। गोवर्धन परिक्रमा में आज भी अनेक ऐतिहासिक चिन्ह अंकित है, जो अपनी सच्चाई को प्रकट करते हैं, यह प्रभु की लीला स्थली है। निधि वन में आज भी परमब्रम्ह परमेश्वर रासलीला करते हैं, इसलिए रात्रि में वहां कोई नहीं रूकता। सर्वत्र प्रभु है वे 24 घंटे अंर्तकरण में विराजते हैं, विशाल आदिनारायण सभी में है। भक्त प्रहलाद ने भी ये कहा था, तभी उसके वचनों का मान रखने प्रभु खंभे से प्रकट हुए। प्रभु के अंदर सुषुप्त चेतना है। बड़ी संवेदनशीलता है सृष्टि में सभी कार्य विधिपूर्वक संपन्न हो रहे हैं। सूर्य अपने समय से उगता है। सृष्टि का चक्र बरसात, गर्मी, ठंड अपने समय से आती है। सब कुछ परमब्रम्ह के नियत्रंण में है। प्रभु कहते हैं सब कुछ मेंरे अनुसार चलता है। कथा में जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के पिताश्री रोशनलाल गर्ग एवं माताजी सीमा गर्ग विशेष रूप से उपस्थित होकर रूखमणी विवाह का आनंद प्राप्त किया। व्यासपीठ से पं. अर्पित भाई ने उन्हें दुपट्टा ओढाकर आशीर्वाद प्रदान किया।

# एनएसएस विशेष शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पंडित किशोरी लाल शुक्ला उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र पेंड्री राजनांदगांव द्वारा ग्राम बरगा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन पौधरोपण सह विशेष संवाद के साथ संपन्न किया गया। समापन समारोह में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. उमेश देशमुख मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की शिक्षिका पूजा सिन्हा ने की। इस अवसर पर सरपंच विनोद कुमार कंवर, जागेश्वर और प्रधान पाठक प्रदुमन कुमार साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किए और गांव के विकास में युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया। बरगा सरपंच विनोद कुमार कंवर, सभापति जागेश्वर, प्रधान पाठक प्रदुमन कुमार साहू ने विशेष शिविर के आयोजन के लिए कार्यक्रम अधिकारी व स्वयंसेवकों के प्रयास की सराहना की। स्वयंसेविका कलश वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

#### स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अधिष्ठाता डॉ. उमेश देशमुख ने कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल सेवा और नेतृत्व कौशल विकसित करने में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मेधा शाहा ने स्वयंसेवकों से अपेक्षा जताई कि शिविर में सीखे गए अनुशासन का लाभ परिवार, समाज और राष्ट्र को मिले। शिविर में 101 स्वयंसेवियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश को प्रसारित कर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। ग्रामीणों को पौधरोपण के महत्व, जल संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण पर जागरूक किया गया। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025



# गर्मी की दस्तक से पहले ही सूखने लगी शिवनाथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते वर्ष सितंबर के महीने में अपना विकराल



रूप दिखाने वाली शिवनाथ नदी गर्मी के शुरूआती दिनों में ही सूख गई है। नदी में जल का बहाव नहीं है। शिवनाथ नदी में अभी इतना भी पानी नहीं है कि उसकी धार बनी रहे। किसानों को सिंचाई सहित लोगों को निस्तारी की समस्या शुरू हो गई है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को घाट पर पानी नहीं मिलने के चलते लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। नदी के सूखने के चलते रेत उत्खनन भी जोरों पर हो रहा है। गर्मी के शुरूआती दिनों में ही शिवनाथ नदी में पानी नहीं है। जगह-जगह से नदी सूख चुकी है। ऐसे में शिवनाथ नदी के भरोसे रहने वाले गांव में जल संकट गहराएगा। वहीं राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में भी पेयजल आपूर्ति के लिए शिवनाथ नदी से ही पानी लिया जाता है। शिवनाथ नदी सूखने की वजह से अब पेयजल के लिए दूसरे जलाशयों से पानी लेने की तैयारी की गई है।

### बाढ़ के बाद सूखा

बीते सितंबर माह में शिवनाथ नदी का विकराल रूप दिखाई दिया था। शिवनाथ नदी के किनारे सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए थे और नदी अपने क्षेत्र से दो-तीन फीट ऊपर तक बह रही थी। वहीं अब गर्मी के शुरूआती दिनों में ही नदी सैकड़ों गांव में सूख चुकी है। जगह-जगह से नदी की धार कट गई है।

### गांवों में निस्तारी की समस्या

जिले के रातापायली क्षेत्र में शिवनाथ नदी पूरी तरह से सूखी हुई दिखाई दे रही है। चारो ओर रेत ही रेत नजर आ रहा है। शिवनाथ नदी के किनारे बसने वाले गांव के लिए यह नदी काफी महत्वपूर्ण है। इस नदी में ही लोग अपनी निस्तारी करते हैं। नदी सूख जाने के चलते सैकड़ों गांव में निस्तार की समस्या भी हो रही है।

### एनीकट में पानी कम, सूखी नदी

शहर के मोहारा स्थित शिवनाथ नदी भी एक तरफ से सूख गई है। यहां शिवनाथ नदी के सिर्फ एक हिस्से में ही पानी नजर आ रहा है। जबकि एक तिहाई हिस्से में सिर्फ रेत दिखाई दे रही है। वहीं मोहारा एनीकट में भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं है। जिसके चलते नगर निगम द्वारा अन्य जलाशय से गर्मी में पेयजल आपूर्ति को देखते हुए पानी लिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### आधा दर्जन क्लीनिक में जांच टीम की दबिश



**राजनांदगांव।** नर्सिंग होम एक्ट के तहत संचालन नहीं होने की लगातार शिकायत के बीच स्वास्थ्य विभाग के अमले ने शहर के आधा दर्जन क्लीनिक एवं दवाखाना में दबिश देकर जांच की। इस दौरान नर्सिंग एक्ट के तहत व्यवस्था नहीं पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को जिले के नर्सिंग होम एक्ट की टीम द्वारा शहर में संचालित गैर लाईसेंस क्लीनिकों एवं दवाखाना में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। इस दौरान नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने पर क्लीनिक एवं दवाखाना बंद करने की चेतावनी दी गई। टीम में सीएमएचओ, जिला नोडल अधिकारी, नर्सिंग होम एक्ट, औषधि निरीक्षक शामिल थे।

#### इन अस्पतालों में दबिश

जांच टीम द्वारा नया बस स्टैंड स्थित आरोग्यम सुपर स्पेशिलिटि क्लीनिक, नवागांव स्थित राजेश लारिया, मोतीपुर स्थित मां परमेश्वरी दवाखाना, बसंतपुर स्थित शर्मा क्लीनिक, आस्था क्लीनिक एवं आर्शीवाद डेंटल क्लीनिक, डॉ. विशाल गंगवानी होमोपैथिक क्लीनिक की जांच की गई एवं संबंधित को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दी गई। साथ ही यह भी कहा गया कि वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत क्लीनिक दवाखाना बंद करने की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रस्तावक-समर्थक नहीं होने से नामांकन दाखिल नहीं कर पाई कांग्रेस, अब 7 को नांदगांव जिपं में चुनाव

# एमएमसी में नम्रता और केसीजी जिला पंचायत की अध्यक्ष बनी प्रियंका, भोजेश-विक्रांत उपाध्यक्ष, दोनों जगह चुनाव निर्विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अविभाजित जिले के मोहला-मानपुर-चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव करा लिया गया है। मोहला-मानपुर-चौकी जिला पंचायत में जहां नम्रता सिंह अध्यक्ष और भोजेश शाह उपाध्यक्ष बने। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में प्रियंका ताम्रकार अध्यक्ष एवं विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष बने। खास बात यह रही कि दोनों जिलों में दूसरा नामांकन नहीं दाखिल होने के चलते निर्विरोध ही चुनाव हो गया। अब राजनांदगांव जिला पंचायत में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव बाकी रह गया है, जो आगामी सात मार्च को कराया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों ही नवगठित जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनने की कार्रवाई सुबह 11 बजे शुरू हुई। पहले सभी उपस्थित सदस्यों ने शपथ ली। जिसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई। केसीजी जिले में भाजपा प्रत्याशी प्रियंका ताम्रकार के अलावा कांग्रेस से निर्मला वर्मा ने नामांकन फार्म लिया और जमा भी किया।

नियमानुसार दो सदस्यों में एक प्रस्तावक और एक समर्थक चाहिए होता है, परन्तु उनके पास समर्थक नहीं होने के चलते उनका फार्म रिजेक्ट कर दिया गया। ऐसे में यहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पद पर निर्विरोध चुनाव हो गया। वहीं मोहला-मानपुर जिले में भाजपा प्रत्याशियों ने ही नामांकन दाखिल किया। जिसके चलते यहां दोनों पद पर निर्विरोध चुनाव हो गया। ज्ञात हो कि मोहला-मानपुर-चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 10-10 जिला पंचायत सीटें हैं।

**जिला पंचायत केसीजी**



प्रियंका ताम्रकार | विक्रांत सिंह

**जिला पंचायत एमएमसी**



नम्रता सिंह | भोजेश शाह

**जनपद पंचायत डोंगरगढ़**



लता सिन्हा | हीराराम वर्मा

**जनपद पंचायत छुरिया**



संजय सिन्हा | प्रशांत ठाकुर



### नांदगांव में किरण-जागृति!

नांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कल यानि सात मार्च को होना है। यहां ये पद महिला अनारक्षित के लिए आरक्षित है। ऐसे में यहां से अध्यक्ष पद के लिए प्रबल दावेदारों में किरण रविन्द्र वैष्णव, किरण साहू के साथ ही जागृति चुन्नी यदु के नाम शामिल हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भी इन तीनों में से ही किसी एक का नाम आ सकता है। वहीं पुरूष वर्ग से प्रशांत कोड़ापे का नाम उपाध्यक्ष की रेस में शामिल है।

### तीनों जिलों में अध्यक्ष महिला

अविभाजित राजनांदगांव जिले की तीन जिला पंचायत पर अब महिलाओं का कब्जा हो गया है। राजनांदगांव और खैरागढ़ जिला पंचायत पहले से ही महिला वर्ग के लिए आरक्षित थी। जबकि मोहला-मानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष पद एसटी वर्ग के लिए आरक्षित था, लेकिन भाजपा ने यहां भी महिला नेत्री नम्रता सिंह को अध्यक्ष बनाया है। ऐसे में अब तीनों जिला पंचायत में अध्यक्ष महिलाएं होगी।

### *हरिभूमि की खबर पर मुहर*

*जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को लेकर एमएमसी एवं केसीजी जिले में हरिभूमि की खबर पर मुहर लगी। खबर प्रकाशित की थी जिसमें बताया था कि एमएमसी में नम्रता सिंह अध्यक्ष एवं भोजेश शाह उपाध्यक्ष व केसीजी में प्रियंका ताम्रकार अध्यक्ष एवं विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष बनेंगे।*

### *जिला पंचायत भवन ही नहीं*

*करीब ढाई साल पहले तत्कालीन सरकार ने केसीजी एवं एमएमसी जिले का गठन किया था, लेकिन अब तक दोनों जिलों में जिला पंचायत भवन नहीं तैयार किया जा सका है। जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के बैठने की व्यवस्था को लेकर प्रशासन को मशक्कत करनी पड़ेगी।*

## छुरिया और डोंगरगढ़ में भाजपा के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बने, दोनों जगह सदस्यों ने किए क्रॉस वोट

राजनांदगांव। जिले की शेष दो जनपद पंचायत डोंगरगढ़ एवं छुरिया में भी बुधवार को अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष के चुनाव कराए गए। छुरिया जनपद पंचायत में भाजपा के संजय सिन्हा अध्यक्ष एवं प्रशांत ठाकुर उपाध्यक्ष बने। डोंगरगढ़ जनपद में भाजपा लता विजय सिन्हा अध्यक्ष एवं हीराराम वर्मा उपाध्यक्ष बने।

खास बात यह रही कि दोनों ही जनपद में क्रॉस वोटिंग देखने को मिली। छुरिया जनपद में कुल 25 सदस्यों में महज 19 ने ही अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया। इनमें संजय सिन्हा को 11 एवं कांग्रेस के एकांत चंद्राकर को 8 वोट मिले। वहीं उपाध्यक्ष में प्रशांत ठाकुर को 14 एवं कांग्रेस की सीमा यादव को 11 वोट मिले। यहां माना जा रहा था कि भाजपा के पास 19 सदस्यों का समर्थन है, ऐसे में कहा जा सकता है कि यहां तीन से चार वोट क्रॉस हुए। दूसरी ओर डोंगरगढ़ जनपद में 25 सदस्य में से भाजपा के 14 एवं कांग्रेस के 11 सदस्य बताए गए थे, लेकिन मतदान में अध्यक्ष पद के लिए लता विजय सिन्हा को 18 एवं कांग्रेस प्रत्याशी प्रीति वैष्णव को 7 वोट मिले। ऐसे ही उपाध्यक्ष के लिए भाजपा के हीराराम वर्मा को भी 18 वोट मिले।

## जांच में अमानक मिला इलायची दाना, 50 हजार रुपए का जुर्माना

**राजनांदगांव।** एडीएम ने अवमानक व मिथ्याछाप खाद्य प्रकरणों पर सुनवाई करते मेसर्स एवन स्वीट्स राका तहसील डोंगरगढ़ के संचालक मजहर खान के उपर 50 हजार रुपए और मेसर्स अशोका रेस्टोरेंट एण्ड लॉज कालकापारा डोंगरगढ़ के उपर 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। प्रकरण सुनवाई पश्चात दोषी पाए गए मेसर्स एवन स्वीस्ट राका के संचालक मजहर खान ग्राम राका तहसील के प्रकरण पारित आदेश अनुसार श्री प्रसाद इलायची दाना (पैक्ड) का सेम्पल जांच में अवमानक एवं मिथ्याछाप पाए जाने के कारण 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह एक अन्य मेसर्स अशोका रेस्टोरेंट एण्ड लॉज कालकापारा के संचालक मतीन अहमद के प्रकरण पारित आदेश अनुसार कुक्ड बॉयल्ड अरहर दाल का सेम्पल जांच में अवमानक पाए जाने के कारण 25 हजार रुपए अर्थदंड लगाया गया।

## बोर्ड परीक्षा का दौर और देर रात तक डीजे का शोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही है। वहीं शहर के कई जगहों पर देर रात तक शादी और अन्य आयोजनों में तेज आवाज पर डीजे साउंड बजाया जा रहा है। रात लगभग 11-12 बजे तक डीजे का शोर सुनाई दे रहा है। बोर्ड परीक्षाओं के बाद भी कोलाहल अधिनियम का पालन नहीं कराया जा रहा है। रात 10 बजे के बाद भी तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाए जाने से परीक्षार्थियों को दिक्कतें हो रही है।

### बस्ती के बीच बर्थ-डे और मैरिज लॉन

शहर में कई जगहों पर शादी पार्टियों के लिए बस्ती के बीच ही भवन बनाए गए हैं, जहां आयोजन होने पर फुल साउंड में डीजे बजाया जाता है। जिससे आसपास के रहवासियों को दिक्कतें भी होती है। शहर के कुछ जगहों पर बिना परमिशन के ही बर्थ-डे और मैरिज लॉन बना दिए गए, जहां आयोजन होने पर आसपास के लोगों को दिक्कत होती है। इनमें से कई जगह ऐसी है, जहां पार्किंग की व्यवस्था भी नहीं है।

### तेज आवाज से एकाग्रता भंग

इन दिनों कई जगहों पर शादी समारोह से लेकर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, जहां तेज आवाज में लाउड स्पीकर बजाया जा रहा है। लाउड स्पीकर की आवाज के चलते बोर्ड परीक्षाओं के विद्यार्थी अपना ध्यान अध्ययन में केंद्रित नहीं कर पा रहे हैं। घरों के आसपास आयोजन होने के चलते ज्यादा समस्या हो रही है।

### नहीं हो रही कार्रवाई

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में देर रात तक डीजे बजाए जाने पर भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। शादी भवनों के अलावा सार्वजनिक और निजी मैदानों पर भी आयोजन हो रहे हैं। पुलिस विभाग को बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर डीजे संचालकों की बैठक लेकर कड़ी हिदायत दी जानी थी। जिसके चलते नियमों का पालन नहीं हो रहा है।

## एमआरआई मशीन के लिए दोबारा होगा टेंडर




- बसंतपुर-इंदिरा नगर नाले का होगा निर्माण, अस्पताल में भरने वाले पानी को रोकने 3 करोड़ से अधिक की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने जिला अस्पताल में बारिश के दिनों में भरने वाले पानी को रोकने के लिए 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति दिए जाने की बात कही है। वहीं नाला बनाने कलेक्टर को निर्देशित किया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव पहुंचे। यहां उन्होंने सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से भेंट की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वह शहर के पेंड्री में आयोजित कलार समाज के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं।

**एक माह के भीतर सीटी स्कैन की सुविधा:** अपने प्रवास के दौरान राजनांदगांव पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा को लेकर कहा कि एक माह के भीतर यहां सीटी स्कैन मशीन से जांच शुरू हो जाएगी। वहीं उन्होंने एमआरआई मशीन के लिए 25 करोड़ रुपए स्वीकृत होने और इसमें रिटेंडर करने की बात कही है।

### नाला बनाने निर्देश जारी

बसंतपुर-इंदिरा नगर क्षेत्र में नाले पर किए गए अतिक्रमण के चलते बारिश के दिनों में जिला अस्पताल में नाले का पानी भरने से होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इसके लिए हमने 3 करोड़ से अधिक की राशि दे दी है। वहीं नाला को बनाकर पानी डायवर्ट करने के निर्देश भी कलेक्टर को दिए गए हैं।

### प्लांट होगा शुरू

कोरोनाकाल में बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट को लेकर उन्होंने कहा कि कोरोना के समय आनन-फानन में ऑक्सीजन प्लांट बनाए गए थे, जो अधिकांश जगहों पर बंद हुए हैं। ऑक्सीजन प्लांट की रिपेयरिंग के लिए टेंडर किया गया है।

## परिचय सम्मेलन 9 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रायपुर ब्राइट फाउंडेशन ने सभी जाति समाज की विधवा, विधुर, तलाकशुदा महिलाओं पुरूषों के पुनर्विवाह हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन किया है। सम्मेलन में अविवाहित युवक युवतियां तथा उम्र दराज अविवाहित महिलाएं भी शामिल हो सकती है। प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि परिचय सम्मेलन आगामी 9 मार्च को सत्संग भवन महामाया मंदिर पुरानी बस्ती रायपुर में होगा।

संस्था द्वारा 2018 से यह आयोजन किया जा रहा है। अब तक 400 से अधिक लोगों का विवाह हो चुका है। अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने बताया कि महिलाओं का पंजीयन निशुल्क किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक महिलाएं एवं युवतियां लाभ उठा सके। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों का विवाह तय होता है तो उनका निः शुल्क आदर्श विवाह किया जाएगा।


### हर महीने दो दर्जन से अधिक सर्पदंश के मामले आ रहे सामने

# मुआवजा लेने का बदला तरीका, अब जहां सांप ने काटा वहां की चमड़ी को नमक में लपेटकर करना होगा जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सांप के काटने पर जांच उपरांत पीड़ित परिवारों को मिलने वाले मुआवजे के तरीके में अब बदलाव कर दिया गया है। मुआवजे की अर्जी लगाने वालों के लिए रीजनल फॉरेंसिक लैब द्वारा अब एक नया निर्देश जारी किया गया है। जिसके तहत सर्पदंश के मामलों में जांच के लिए सैंपल जमा करने के तरीके में बदलाव कर दिया गया है। अब सर्पदंश के मामलों में विवेचकों को पीड़ित या मृतक के शरीर के जिस हिस्से में सांप ने काटा होगा, उस हिस्से की चमड़ी को काटकर नमक में लपेटकर लैब में जमा करना होगा। ऐसा करने पर ही यह तय होगा कि पीड़ित को मुआजवा दिया जाएगा या नहीं।

मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों रीजनल फॉरेंसिक लैब के इंचार्ज ने दुर्ग एवं राजनांदगांव संभाग के आईजी एवं एसपी को एक पत्र जारी किया है। जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि जिस तरीके से सर्पदंश के मामलों में सैंपल जमा हो रहे हैं, उससे जांच किए जाने पर सटीक रिपोर्ट सामने नहीं आ रही है। सही जांच नहीं होने से रिपोर्ट प्रभावित हो रही है और पीड़ित को मुआजवा नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में इस नए तरीके को अपनाने को लेकर ही पत्र जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि ऐसा करने पर सांप के जहर का पता चल पाएगा और पीड़ित या मृतक के परिजनों को मुआजवा मिल पाएगा। मिली जानकारी के अनुसार सर्पदंश के मामलों में आपदा प्रबंधन मद से पीड़ित को चार लाख रुपए की राशि दी जाती है, लेकिन सर्पदंश के मामलों में अब तक विवेचक आमतौर पर बतौर सैंपल बिसरा के साथ ही चमड़ी को जमा करते आए हैं। ऐसे सैंपलों की जांच में सांप के जहर का पता लगा पाना जांच अधिकारियों के लिए भी मशक्कत साबित हो रहा था। जिससे रिपोर्ट सटीक नहीं मिल पा रही थी। वहीं पीड़ित को रिपोर्ट निगेटिव होने से मुआवजा नहीं मिल पा रहा था।



### सालभर में पौने दो सौ मामले

राजनांदगांव जिले में 1 वर्ष के भीतर सर्पदंश के 173 मामले शासकीय अस्पतालों में आए हैं। वनांचल क्षेत्र छुरिया, डोंगरगढ़ और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से अधिकांश सर्पदंश के मामले आते हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन सर्पदंश से पीड़ित एक-दो मरीज पहुंचते हैं। यहां महीनेभर में लगभग 20-25 सर्पदंश के मामले मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचते हैं। जिले के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित जिला अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों सहित लगभग 60 से 70 मामले सर्पदंश के आते हैं।

### सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी स्नेक वेनम

राजनांदगांव जिले में 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, जहां भले ही एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त व्यवस्था हो, लेकिन चिकित्सकों की कमी की वजह से देर रात आने वाले मामले में इलाज का अभाव भी देखने को मिलता है। वहीं मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवरत्न ने बताया कि सर्पदंश के मामलों को देखते हुए विभिन्न सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 936 एंटी स्नेक वेनम पहुंचा दी गई है, जो स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### डोंगरिया जलेश्वर महादेव परिषर में साफ-सफाई अभियान चलाया



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई क्षेत्रांतर्गत ग्राम डोंगरिया स्थित जलेश्वर महादेव परिषर में नव-निर्वाचित सरपंच सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा साफ सफाई व जागरूकता अभियान चलाकर मेला स्थल की झाड़ू लगाया। जिसमें प्रमुख रूप से बैजनाथ चंद्रवंशी, भारत चंद्रवंशी, सुखनंदन चंद्रवंशी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### सिंघनपुरी स्थित आंगनबॉड़ी केंद्र देखरेख के अभाव में जर्जर



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत सिंघनपुरी कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग के किनारे स्थित है। सिंघनपुरी आंगनबॉड़ी केन्द्र क्रमांक 2 देखरेख के अभाव में जर्जर हो रही है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों से मांग कर जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत व सुधार एवं रंग-रोगन के अभाव तथा दीवार में जगह-जगह दरार पड़ने से नन्हे मुन्हे बच्चों को खतरा की आशंका बनी हुई। जिस पर ग्रामीणों ने इस ओर ध्यान देने तथा आंगनबॉड़ी केंद्र को रंग-रोगन एवं मरम्मत कार्य कराने की मांग की गई ताकि नौनिहाल बच्चों को शिक्षा ग्रहण का लाभ मिल सके।

### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट से युवाओं को राज्य विस व देश की संसद में मिलेगा बोलने का अवसर

**हरिभूमि कवर्धा।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 18 से 25 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल के माध्यम से 9 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। जिला नोडल अधिकारी जितेन्द्र बारले ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन के बाद 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा जिसका विषयः आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है । इसमें प्राप्त वीडियो में से जिला स्तर पर 150 उत्कृष्ट वीडियो का चयन कर जिला नोडल स्तर पर एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार रखने आमंत्रित किया जाएगा। इनमें से 10 विजेताओं का चयन राज्य स्तर के लिए निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तर पर इसी तरह 3 प्रतिभागी चयन कर राष्ट्रीय स्तर पर संसद में विचार रखने के लिए अवसर प्रदान किया जाएगा। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी युवाओं को जो 18 से 25 उम्र के है,माय भारत पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कर वीडियो प्रेषित करने को प्रेरित किया।


**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दंडाधिकारी, कवर्धा, जिला कबीरधाम**

**किरण शर्मा** पति श्री लोकेश शर्मा, आयु 39 वर्ष **(पुराना नाम), (नया नाम- चन्द्रकिरण शर्मा** पति श्री लोकेश कुमार शर्मा) निवासी जीश्याम नगर कवर्धा तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग.- **शपथकर्ता**

**शपथपत्र**

मैं किरण शर्मा पति श्री लोकेश शर्मा निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं-

1. कि, शपथकर्ता का पूर्व में पुरा नाम किरण शर्मा पति श्री लोकेश शर्मा था जिसे शपथकर्ता ने परिवर्तित कर वर्तमान में अपना नाम बदलकर किरण शर्मा पति श्री लोकेश शर्मा के स्थान पर चन्द्रकिरण शर्मा पति श्री लोकेश कुमार शर्मा दर्ज कराना चाहती है।
2. कि, शपथकर्ता को वर्तमान में चन्द्रकिरण शर्मा पति श्री लोकेश कुमार शर्मा के नाम से जानी एवं पहचानी जाउंगी एवं चन्द्रकिरण शर्मा के नाम से हस्ताक्षर करूंगी ।
3. कि, शपथकर्ता अपना नाम परिवर्तन करने की सूचना राज्यशासन के राजपत्र में प्रकाशन हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रही है ।
4. कि, शपथकर्ता प्रकाशन उपरांत अपने सभी आवश्यक दस्तावेज मे किरण शर्मा पति श्री लोकेश शर्मा के स्थान पर चन्द्रकिरण शर्मा पति श्री लोकेश कुमार शर्मा दर्ज करवाएगी। ...**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं किरण शर्मा पति श्री लोकेश शर्मा, आयु 39 वर्ष (पुराना नाम) (नया नाम- चन्द्रकिरण शर्मा पति श्री लोकेश कुमार शर्मा) सत्यापित करती हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 के समस्त लेख सही व सत्य है अतः इसे पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर किया।

तारीख-28.02.2025 **सत्यापनकर्ता चन्द्रकिरण शर्मा**


## शिक्षा विभाग के आदेश की अवहेलना, मिलीभगत के आरोप, निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

# शिक्षा विभाग में टेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी की अनदेखी, अपात्र को अध्यापन अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विकासखंड के ग्राम उदका में प्राथमिक शाला में अध्यापन अनुमति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। टेट और बीएड उत्तीर्ण संजय दास मानिकपुरी के आवेदन को दरकिनार कर अपात्र सावित्री साहू को अध्यापन की अनुमति दिए जाने पर शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में मिलीभगत और आदेशों की अवहेलना के आरोप लग रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में नाराजगी व्याप्त है। संजय दास मानिकपुरी ने प्राथमिक शाला में अध्यापन अनुमति के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज 10वीं, 12वीं, बीएड, टेट प्रमाण पत्र, जाति व निवास प्रमाण पत्र जमा किए थे। बावजूद इसके, उनकी पात्रता को दरकिनार कर टेट अयोग्य सावित्री साहू को नियुक्त कर दिया गया। इस फैसले के खिलाफ उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत दी, जिसके बाद 14 जनवरी 2025 को आदेश जारी कर जांच के निर्देश दिए गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्रधान पाठक और एसडीएम पंडरिया को पत्र भेजकर नियमों के अनुरूप पात्र अभ्यर्थी को नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। लेकिन, शिक्षा विभाग के स्थानीय अधिकारियों ने इस आदेश की अनदेखी करते हुए पहले से ही नियुक्त सावित्री साहू को अध्यापन जारी रखने दिया।

### शिक्षा विभाग के नियमों की अनदेखी




नियमानुसार, प्राथमिक विद्यालय में अध्यापन के लिए टेट और बी.एड उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। लेकिन प्रधान पाठक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने इस नियम को ताक पर रखते हुए अपात्र अभ्यर्थी को अध्यापन की अनुमति दे दी। जब संजय दास मानिकपुरी ने प्रधान पाठक से इस पर जवाब मांगा तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे केवल बीईओ के आदेश का पालन करेंगे और अन्य किसी अधिकारी के निर्देशों के प्रति बाध्य नहीं हैं। तथा इस पूरे मामले में प्रधान पाठक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी पर मिलीभगत और मनमानी के गंभीर आरोप लग रहे हैं। प्रार्थी संजय दास का आरोप है कि अधिकारियों ने सांठगांठ कर योग्य अभ्यर्थी को वंचित कर अपात्र को लाभ पहुंचाया। यह न केवल शिक्षा विभाग के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि योग्य युवाओं के अधिकारों का भी हनन है।

### निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

संजय दास मानिकपुरी ने विधायक भावना बोहरा से इस मामले में दखल देकर अयोग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति निरस्त करने और उन्हें अध्यापन अनुमति दिलाने की मांग की है। इसके साथ ही, उन्होंने उच्चाधिकारियों के आदेशों की अनदेखी करने वाले प्रधान पाठक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। यह मामला शिक्षा विभाग की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तो यह भविष्य में और भी नियमों की अनदेखी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला उदाहरण बन सकता है।

## ग्रामीण किसान आधुनिक पद्धति से गन्ना फसल की बुआई में जुटें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

बरबसपुर। क्षेत्र के ग्रामीण किसान हरा सोना गन्ना फसल की कटाई छटाई व गन्ना विक्रय शक्कर कारखाना तथा गुड़ फैक्ट्री में फसल बेचने के बाद जिले के ग्रामीण किसान पुनः आधुनिक तरीके से गन्ना फसल की बुआई कार्य में जुट चुके है। ग्रामीणों ने बताया कि एक ओर ग्रामीण किसान अपनी गन्ना फसल को शक्कर कारखाना व गुड़ फैक्ट्री में गन्ना बेचने के बाद किसान अलग-अलग किस्म गन्ना फसल की नई-नई विधि से बड़े पैमाने पर गन्ना फसल की खेती-किसानी कार्य रफ्तार पकड़ी है। जिस पर ग्राम डबराभाट के ग्रामीण किसान गोवर्धन, रुपचंद, साधराम, रामा, ज्ञानेश्वर और गनेश ने बताया कि गन्ना फसल की बेहतर व अच्छी उत्पादन के लिए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली गोबर खाद और दो बोरी डीएपी, पोटाश, यूरिया खाद का उपयोग करते हैं। वहीं बीजाझोरी के किसान लालप्रसाद साहू, भोजराम यादव, मुन्ना चंद्रवंशी व नाऊडीह के किसान भरत वर्मा, बद्रीप्रसाद वर्मा, रामदास मानिकपुरी, छवि वर्मा, गौवाराम वर्मा और ग्राम सिंघनपुरी के किसान शिवकुमार बंजारे, अर्जुन बंजारे और कुमार पटेल मनोहर धुर्वे, नरेंद्र मानिकपुरी ने बताया कि अगर गन्ना फसल की अच्छी उत्पादन आया तो एक एकड़ में 250 या 300 क्विंटल गन्ना होता है, एक बार गन्ना लगाने के बाद दो से तीन बार अच्छी उत्पादन से ग्रामीण किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार तथा आमदानी में बढ़ोत्तरी हुई है साथ ही साथ किसान सशक्त हो रहे हैं। वहीं इन दिनों क्षेत्र के ग्रामीण किसान गन्ना फसल की बुआई कार्य मे जुटें हुए है।

## विधायक ने विस में विपक्ष को घेरा, शिक्षकों के रिक्त पदों, भूमि विक्रय व सब्सिडी का उठाया मुद्दा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



विधानसभा सत्र के दौरान पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा सक्रियता के साथ जनहित के विषयों एवं प्रमुख मुद्दों को लेकर प्रश्न सदन के माध्यम से उठा रहीं हैं। इसी कड़ी में भावना बोहरा ने आदिवासी भूमि विक्रय, जनसंपर्क विभाग, शासकीय शालाओं में शिक्षकों के रिक्त पदों और इलेक्ट्रिक वाहन पर सब्सिडी के विषय में प्रश्न किया। उन्होने प्रश्न पूछा कि कबीरधाम जिले के अनुसूचित जनजातियों (आदिवासियों) की भूमि बिक्री अनुमति के लिए वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 में 31 जनवरी 2025 तक की स्थिति में कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं और कितने में अनुमति प्रदान की गई है? बिना न्यायालय की अनुमति के उक्त अवधि में कितने प्रकरण में तहसीलदारों ने आदिवासियों की भूमि की बिक्री हेतु अनुमति दी है? इस विषय में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने लिखित उत्तर देते हुए बताया कि जिले के अनुसूचित जनजातियों (आदिवासी) की भूमि बिक्री अनुमति के लिए 31 जनवरी 2025 तक की स्थिति में वर्ष 2021-22 में कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 16 आवेदनों को बिक्री की अनुमति दी गई, 2022-23 में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुए, 2023-24 में 2 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें एक भी अनुमति बिक्री हेतु नहीं दिए गए और 2024-25 में कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें बिक्री हेतु एक भी अनुमति नहीं दी गई है।

प्राप्त आवेदन के संबंध में वर्षवार जानकारी निम्नानुसार (ख) जानकारी निरंक है। बिना न्यायालय की अनुमति के उक्त अवधि में किसी भी प्रकरण में तहसीलदारों ने आदिवासियों की भूमि की बिक्री हेतु अनुमति नहीं दी है। वहीं शिक्षा के विषय में प्रश्न करते हुए श्रीमती बोहरा ने पूछा कि प्रदेश में शासकीय शालाओं में कितने शासकीय शिक्षकों के पद रिक्त हैं? प्रदेश में ऐसे कितने शासकीय विद्यालय हैं जहां एक या एक से कम शिक्षक हैं? 33 हजार शिक्षक भर्ती और बर्खास्त सहायक शिक्षकों पर शासन की क्या योजना है? जिसके लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि प्रदेश के शासकीय शालाओं में शिक्षकों के कुल 56601 पद रिक्त है। प्रदेश में 5912 स्कूल एकल शिक्षकीय एवं 439 स्कूल शिक्षक विहीन है। 33 हजार शिक्षकीय पदों पर भर्ती विचाराधीन है। सीधी भर्ती 2023 में बीएड अर्हता के कारण सेवा समाप्त किए गए सहायक शिक्षकों से प्राप्त अभ्यावेदनों का परीक्षण एवं शासन को सुझाव देने के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 05 सदस्यीय अंर्त-विभागीय समिति का गठन किया गया है।

साथ ही साथ जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार के संबंध में प्रश्न करते हुए विधायक भावना ने पूछा कि प्रदेश में जनसंपर्क विभाग के अंतर्गत प्रदेश के कुल कितने समाचार पोर्टल और कितने राष्ट्रीय समाचार पोर्टल पंजीकृत हैं? वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 में 31 जनवरी 2025 तक राज्य सरकार द्वारा डिजिटल समाचार पोर्टल्स, समाचार पत्रों, टीवी चैनलों और रेडियो स्टेशनों को कितने सरकारी विज्ञापन जारी किए और कितनी राशि आवंटित की गई? डिजिटल मीडिया और समाचार पोर्टल्स के लिए पंजीकरण एवं सरकारी विज्ञापन प्राप्त करने की क्या मानक प्रक्रिया है? क्या पिछले 1 वर्ष में इस प्रक्रिया में कोई बदलाव किया गया है? जिसके प्रति-उत्तर में लिखित जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि जनसंपर्क विभाग द्वारा न्यूज पोर्टल्स का पंजीकरण नहीं किया जाता है। राज्य शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए समाचार पोर्टल्स का इम्पेनल किया जाता है। वर्तमान में प्रदेश के कुल 243 समाचार पोर्टल इम्पेनल हैं। किसी भी राष्ट्रीय समाचार पोर्टल इम्पैनल नहीं किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल डिजिटल पोर्टल्स में 3189 कार्यादेश हेतु 67,16, 89, 759 रुपए समाचार पत्रों हेतु 12, 881 कार्यादेश हेतु 1, 47, 36, 54, 282 रुपए, टीवी चैनलों में कुल 901 विज्ञापन हेतु 1, 40, 93, 32, 923 रुपए एवं रेडियो स्टेशन में 187 विज्ञापन हेतु 5, 29, 55, 891 रुपए वहीं वर्ष 2024-25 में 31 जनवरी तक डिजिटल पोर्टल्स में 1986 कार्यादेश हेतु 13, 16, 27, 516 रुपए समाचार पत्रों हेतु 8379 कार्यादेश हेतु 59, 20, 52, 884 रुपए, टीवी चैनलों में कुल 597 विज्ञापन हेतु 58, 52, 43, 484 रुपए एवं रेडियो स्टेशन में 145 विज्ञापन हेतु 2, 71, 31, 424 रुपए आवंटित किए गए हैं। जनसंपर्क विभाग द्वारा न्यूज पोर्टल का पंजीकरण नहीं किया जाता है। प्रचार-प्रसार की सुविधा की दृष्टि से न्यूज पोर्टल का इम्पैनलमेंट किया जाता है। विज्ञापन नियमावली-2019 यथा संशोधित नियम- 2020 के अंतर्गत विज्ञापन स्वीकृत किए जाते हैं। पिछले एक वर्ष में इस प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### सरकारी पैसों का दुरूपयोग है, इसकी जांच होनी चाहिएः भावना

भावना बोहरा ने सदन में प्रश्न किया कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा एक वर्ष में विगत वर्ष की तुलना लगभग दोगुना राशि विज्ञापन हेतु आवंटित की है, कहीं न कहीं यह सरकारी पैसों का दुरूपयोग है, इसकी जांच होनी चाहिए। कई शिकायतें भी मिली हैं की विज्ञापन हेतु होर्डिंग्स के लिए 3 महीने का अनुबंध किया जाता है। परन्तु एक माह में ही होर्डिंग हटा दिया जाता है और उसका पूरे 3 महीने का भुगतान किया जाता है, इस मद में भुगतान की गई राशि की जांच की मांग किया। वहीं डिजिटल समाचार पोर्टल हेतु 243 पोर्टल को इम्पेनल किया गया है क्या उससके लिए 243 टेंडर जारी किया गया है। जिसके प्रति उत्तर में मंत्री ने जवाब दिया कि 243 टेंडर जारी किया गया है और होर्डिंग के विषय में कोई जानकारी उपलब्ध कराई जाती है तो उसका परीक्षण कराया जाएगा।

### इलेक्ट्रिक वाहनों पर प्रदेश सरकार द्वारा कितनी सब्सिडी दी जा रही

विधायक ने पूछा कि केंद्र सरकार की नीति के अनुसार इलेक्ट्रिक चार पहिया और दो पहिया वाहनों पर प्रदेश सरकार द्वारा कितनी सब्सिडी दी जा रही हहै और वर्ष 2020-21 से 2024-25 में 31 जनवरी 2025 तक लाभान्वितों की संख्या क्या है? अभी तक कितने ऐसे इलेक्ट्रिक वाहन हैं जिनकी सब्सिडी प्रदेश सरकार द्वारा किया जाना लंबित है? इलेक्ट्रिक वाहन की सब्सिडी प्रदान करने के इस लक्ष्य को पूरा करने में शासन को कितना समय लगेगा? जिसके लिखित उत्तर में मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार की नीति के तहत राज्य में लागू छत्तीसगढ़ राज्य इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 अनुसार चार पहिया एवं दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों पर प्रदेश सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के मूल्य के 10 प्रतिशत या 1.50 लाख रूपए (जो भी कम होगा) की खरीदी प्रोत्साहन सब्सिडी के रूप में प्रदाय किया जा रहा है। प्रश्नांकित अवधि तक 28248 लाभान्वित हुए है। अभी तक लगभग 45 हजार इलेक्ट्रिक वाहनों का सब्सिडी भुगतान हेतु लंबित है। सब्सिडी भुगतान हेतु बजट प्रावधान के लिए प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रेषित किया गया है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नही है।

## पंडरिया जनपद उपाध्यक्ष नियुक्त होने छत्रकिशोर सानू तिवारी को ग्रामीणों ने दी बधाई





**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 17 सैहामालगी, सोमनापुर, मोतेसरा, भटरूसे, पथरी, कंझेटा, कुआंमालगी, अमलीमालगी, निगापुर, सेमरकोना, नवागांव व महुआमड़वा क्षेत्र से छत्रकिशोर सानू तिवारी द्वारा ऐतिहासिक 398 वोटो से जीत हासिल किया। जिससे ग्रामीणों व समर्थकों में भारी उत्साह व खुशी का माहौल बना हुआ है। वहीं जनपद पंचायत पंडरिया क्षेत्र से जनपद उपाध्यक्ष छत्रकिशोर सानू तिवारी को नियुक्त होने पर ब्राह्मण समाज, ग्रामीणों तथा क्षेत्रवासियों ने फूल-माला, बाजे गाजे के साथ ही साथ रंग गुलाल लगाकर भव्य स्वागत किया। वहीं ग्रामीणों द्वारा उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर समर्थकों, ग्रामवासियों जिसमें नंदकिशोर तिवारी, पवन शर्मा, अंबिका मिश्रा, दिनेश पांडेय, सुरेश पांडेय, शैलेंद्र पांडेय, गुलशन तिवारी, प्रतीक तिवारी, हर्ष मिश्रा, अजय, सरपंच प्रतिनिधि मनहरण साहू, निलेश चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी सहित कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## बुराइयों का अंत व अच्छाई का जीत का प्रतीक होलिका दहन

# होलिका दहन को लेकर ग्रामीणों में तैयारी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों तक दिनों दिनों होलिका दहन को लेकर लोगो में उमंग और उत्साह तथा जोर-शोर से तैयारी किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों द्वारा होलिका दहन करने के लिए तरह-तरह की लकड़ी, पेड़ पौधे की डालियां और सुखे-खरपतवार डालकर होलिका दहन की तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है। होलिका दहन की कथा पाप पर धर्म की विजय को माना जाता है, प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान द्वारा अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा करने के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। हिंदू धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है। होलिका दहन का महत्व पौराणिक कथाओं से हैं, पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु ने अपने भक्त प्रहलाद को बचाया था, होलिका जलाने की परंपरा आत्मा की बुद्धि और मन की पवित्रता का प्रतीक माना जाता है, होलिका दहन पर्व बुराइयों पर हुई अच्छाइयों की जीत के रूप में मनाया जाता है तो वहीं दूसरी तरफ बाजारों में होलिका पर्व मनाने के लिए रंग-बिरंगी की गुलाल पिचकारी सजने लगी है। होलिका दहन का समय ज्योतिषी गणना के अनुसार इस वर्ष फागुन पूर्णिमा तिथि 13 मार्च को सुबह 10 बजे कर 35 मिनट तथा शुभ होगी और 14 मार्च सुबह से 12:30 बजे तक शुभ माना जा रहा है। क्षेत्र में होलिका दहन को लेकर तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

## रबि फसल चना की कटाई-मिजाई कार्य में जुटे ग्रामीण किसान



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों कृषि कार्य तेजी रफ्तार पकड़ी है। क्षेत्र के ग्रामीण किसान रबि फसल चना की कटाई मिजाई कार्य मे जुटे हुए है। किसानों के खेतों में रबि फसल चना अब परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं, जिनकी कटाई मिजाई कार्य में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक थ्रेसर मशीन से सुबह से देर शाम तक खेती किसानी कार्य में जुटें हुए है। नाऊडीह के ग्रामीण किसान छवि वर्मा ने बताया कि वर्तमान में चना की भाव प्रति क्विंटल 4200 से 4300 रूपए तक मंडी में बिक रही है। वहीं हरिनछपरा के किसान कालीराम भारती ने बताया कि गांव-गांव में चना का दाल कोचिया द्वारा प्रति किलो 100 में बेच रहे हैं वही दुकानों में 100 से 130 तक चना का दाल प्रति किलो बिक रहा है। बताया जाता है कि कि क्षेत्र में चना फसल की अच्छी पैदावार होने से ग्रामीण किसानों में भारी उत्साह है।


HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# Shri Shankaracharya Professional University Bhilai

*Established under Chhattisgarh Private Universities (Established and Operation) Act,2005 & Under Section 2(f) of UGC Act 1956*

## ADMISSIONS OPEN 2025-26

CII

unicef for every child

Behaviour Club

Toll free no. 1800-547-1065

**Ph D**
Journalism & Mass Communication, Physics, Chemistry
Life Science(Botany, Zoology, Bio-Tech, Bio-Chemistry,Micro-Biology)
Mathematics, Hindi, English, Commerce, Management
Pharmacy, Engineering*

### Course offered @ SSPU

**Computer & IT Engineering**
B.Tech(Hons.)
AIML & IoT
Cyber Security & IoT
M.Tech

**Computer Application**
BCA
MCA
DCA
PGDCA

**Management & Commerce**
BBA / MBA
MBA (Part Time)
B.Com
B.Com (Hons.)
M.Com

**Science & Life Science**
B.Sc. (PCB, PCM, CS)
B.Sc. (Hons.) (PCB, PCM, CS)
M.Sc. (PCM) (Biology, Zoology, Micro-Biology Bio-Technology)(Computer Science)

**Health & Allied Science**
Master in Hospital Administration

**Education**
Diploma (Nursery Teacher Training)
M.A. (Education)
B.A. / M.A.
P.G. Dip (Yoga)

**Pharmacy**
D. Pharma
B. Pharma, M. Pharma

**Arts & Social Science**
B.A.J.M.C.
M.A.J.M.C.
B.J. / M.J.
B.A. / M.A.
B.Lib.I.Sc. / BSW
M.Lib.I.Sc. / MSW

**Physical Education**
Bachelor / Master (Physical Education & Sports)
Certificate
PG Diploma (Sports coaching)

**Law** LLB, B.A. LLB, B.Com. LLB

### State of Art Infrastructure

- Canteen
- Well Furnished & Safe Hostel Facility(separate For Boys & Girls)
- Recording Room
- In-campus medical Facility
- Swimming Pool
- Gym
- Badminton Court
- Music Room
- Free Wifi
- Basketball Court
- Auditorium
- Library

www.shrishankaracharyauniversity.com
0788-4088810, 0788-4088811, 6232010132, 6232010130

# SHRI SHANKARACHARYA TECHNICAL CAMPUS, BHILAI

ज्ञानादेव तु कैवल्यम

An NAAC "A"Grade Institute | APPROVED BY AICTE

25 YEARS OF EXCELLENCE

NBA UG COURSES* | NAAC "A" GRADE | nirf 2020, 2021 & 2023 RANK BAND 251-300 | INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL | ARIIA | GREEN MENTORS | ISO 9001:2015 CERTIFIED INSTITUTION

### AICTE Courses offered @ SSTC

**B Tech (CSE)**
CSE
CSE (AI&ML)
CSE (DATA SCIENCE)
CSE (CYBER SECURITY)

**B Tech (Engineering)**
Civil Engineering
Electrical Engineering
ET & T Engineering
Mechanical Engineering

**M Tech**
- AI & Machine Learning
- CS & Engineering
- Geotechnical Engineering
- Power Systems Engineering
- Structural Engineering
- Thermal Engineering
- Transportation Engineering
- VLSI Design

**Ph D**
Engineering
Management
Computer Aplications

**MBA** | **MCA** | **BBA** | **BCA**

DIGITAL CAMPUS 2.0 ON Google

MOUS WITH- NASSCOM | unicef for every child | NSS President Award

### PLACEMENTS

2955+ Placements in the last 4 years
30+ MoUs
260+ Recruiting Companies
1445+ Internships in the last 4 years

SSTC Placements 2024-25 Continue: Diverse Opportunities

### Our Prominent Recruiters/Top Companies

IBM, HEXAWARE, Tech Mahindra, NUCLEUS SOFTWARE, GRAMONT, accenture, amicus think•do•inspire, MACLEODS, JBM, awakenings, jaro education

for CSE, IT, ETC & MCA: Deloitte, OneBanc, Capgemini, Cognizant, tcs

for Mechanical and Electrical: JSW, SISCOL

for MBA: ESAF

HIGHEST INTERNSHIP STIPEND-50K/MONTH amazon

www.sstc.ac.in Toll free no. 1800-547-1064 0788-4088888, 9039551113

Find us on

Opp. Shri Shankaracharya Institute of Medical Sciences,
Junwani,Bhilai, Chhattisgarh, 490020

चुनावः जिला पंचायत कबीरधाम के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की सूचना जारी

# किसके सिर सजेगा जिपं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद का ताज, फैसला 8 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम के लिए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का चुनाव करने 8 मार्च की तिथि मुकर्र कर दी गई है। इसके लिए कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी जिला कबीरधाम द्वारा बकायदा 8 मार्च को सुबह 10.00 बजे से जिला पंचायत कबीरधाम के सभा कक्ष भवन में सम्मिलन का आयोजन किए जाने की सूचना सभी 14 नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को जारी कर दी है। जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर सम्मिलन की तिथि मुकर्र होने के बाद एक बार फिर से लोगों के बीच चर्चा का बाजार गर्म हो गया है कि आखिर जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का ताज किसके सिर सजेगा।

यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार जिला पंचायत का अध्यक्ष पद अनारक्षित प्रवर्ग के लिए निर्धारित है। वहीं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत के कुल 14 क्षेत्र क्रमांक में सबसे ज्यादा भाजपा समर्पित उम्मीदवार ही चुनाव जीत कर आए हैं। ऐसे में यह तो तय है कि जिला पंचायत में इस बार भी भाजपा खेमे का ही अध्यक्ष व उपाध्यक्ष होगा। लेकिन लोगों के लिए यह अनुमान लगा पाना अब भी काफी मुस्किल है वे कौन से चेहरे हैं जिन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद से नवाजा जाएगा।

फिर सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव में बहुमत हांसिल करने वाली सत्ता रूढ़दल भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए क्या योग्यता निर्धारित की है? क्योंकि बहुत कुछ क्या सब कुछ पार्टी आलाकमान पर ही निर्भर करता है कि वह कबीरधाम जिले की राजनैतिक तासीर के मुताबिक जातिवाद या फिर महिला सशक्तिकरण या फिर नेतृत्व क्षमता, शिक्षा, संगठन में पकड़, मजबूत जनाधार आदि को महत्व देती है।

हालांकि जिला पंचायत का अध्यक्ष पद अनारक्षित प्रवर्ग के लिए निर्धारित होने और बड़ी संख्या में भाजपा के उम्मीदवारों के चुनावीरण फतह करने से भाजपा संगठन के पास एक योग्य और सर्वगुण सम्पन्न जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष तय करने में कोई परेशानी नहीं है। बहरहाल इसके लिए आठ मार्च का इंतजार करना ही पड़ेगा।

## भाजपा के हांथ में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद



उल्लेखनीय है कि वर्तमान में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन संपन्न हुआ है। जिसमें जिला पंचायत कबीरधाम के सभी 14 क्षेत्रो में सदस्यों का निर्वाचन हुआ है। क्षेत्र क्रमांक 1 में श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 2 में श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 3 में राम कुमार भट्ट, क्षेत्र क्रमांक 4 में श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरें, क्षेत्र क्रमांक 5 में श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, क्षेत्र क्रमांक 6 में श्रीमती ललिता रूप सिंह धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 7 में श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू, क्षेत्र क्रमांक 8 में राजकुमार मेरावी, क्षेत्र क्रमांक 9 में श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, क्षेत्र क्रमांक 10 में कैलाश चंद्रवंशी, क्षेत्र क्रमांक 11 में वीरेंद्र कुमार साहू, क्षेत्र क्रमांक 12 में रोशन दुबे, क्षेत्र क्रमांक 13 में श्रीमती राजकुमारी राजेंद्र साहू एवं क्षेत्र क्रमांक 14 में ईश्वरी साहू निर्वाचित हुए हैं। जिसमें सिर्फ एक कांग्रेस अधिकृत जिला पंचायत सदस्य शेष सभी भाजपा अधिकृत जिला पंचायत सदस्य शामिल है।

### गुप्त मतदान के माध्यम से होगा पदों का चुनाव

प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 मार्च को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना सूचना सहित गुप्त मतदान के माध्यम से इन पदों का चुनाव होगा जिसमें नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य भाग लेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत निर्वाचन अजय कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया गया कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 32 के अधीन जिला पंचायत कबीरधाम के लिए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन किया जाना है। इसी क्रम में निर्वाचन प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए सभी सदस्यों को सूचना जारी कर दी गई है।

# जिले से गुजरने वाली लम्बी दूरी की बसों में रेलमपेल नियम कायदे ताक में

- जिला परिवहन विभाग नहीं ले रहा मनमानी पर संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बसों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण संबंधी आदेश का पालन न तो बस संचालक कर रहे है और न ही इस नियम को अमल में लाने परिवहन विभाग व प्रशासन कोई पहल कर रहा है।

नतीजतन महिलाओं को बसों में खड़े होकर धक्के खाते हुए सफर करना पड़ रहा है। ज्ञातव्य हो कि बसें चाहे निजी हो या सरकारी नियमानुसार बसों की कुल सीटों में से 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। ताकि यात्रा के दौरान में महिलाओं को कोई परेशानी न हो। लेकिन इस नियम की बस संचालकों द्वारा किस तरह धज्जियां उड़ाई जा रही है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण देखना हो तो किसी भी बस में सफर के दौरान देखा जा सकता है। जहां आरक्षण के बावजूद महिलाओं को खड़े होकर सफर करना पड़ता है।

यहां तक की गोद में दुधमुहे बच्चे को रखकर सफर करने वाली महिला को भी सीट उपलब्ध नहीं कराई जाती। महिलाओं को हो रही इन तमाम असुविधाओं के बावजूद निजी बस आपरेटर इस नियम को अव्यवहारिक मानते हैं। वहीं महिला यात्रियों में संचालकों के इस व्यवहार के प्रति खासी नाराजगी है। यहां बताना लाजमी होगा कि वर्तमान में कवर्धा की बात की जाए तो यहां से राजधानी रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव मार्ग के अलावा जबलपुर से कवर्धा होते हुए रायपुर, कवर्धा से नागपुर, कवर्धा से हैदराबाद, कवर्धा से पुणे, कवर्धा से प्रयागराज जैसे कई लम्बी दूरी की बसे संचालित की जाती है।

लेकिन इन लम्बी दूरी की बसों में भी महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण संबंधी आदेश का पालन नहीं किया जाता । बल्कि इन लम्बी दूरी की बसों में महिलाओं की तो और भी ज्यादा फजीहत है। बताया जाता है कि स्लीपर कोच कही जाने वाली इन लम्बी दूरी की लग्जरी बसों में किसी यात्री को स्लीपर नसीब ही नहीं होता। बस संचालक बसों के एक-एक स्लीपर में आधा-आधा दर्जन यात्रियों को बैठाकर यात्रा कराते हैं और किराया पूरे स्लीपर का लिया जाता है। यह स्थिति हर रोज रायपुर से जबलपुर, कवर्धा से नागपुर तथा अन्य लम्बी दूरी की बसों में देखी जा सकती है।

लेकिन हैरानी की बात यह है कि नियम कायदों को ताक में रखकर क्षमता से अधिक यात्रियों को ढोने वाले इन बस संचालकों पर परिवहन विभाग और जिला प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### लायंस चुनाव समिति में प्रेमचंद को दायित्व



**कवर्धा।** लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के द्वितीय वाईस गवर्नर के चुनाव 13 अप्रैल को जबलपुर में होंगे। इस चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए डिस्ट्रिक्ट चुनाव समिति ने विभिन्न उप समितियों का गठन किया है। नगर के लायंस क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ प्रेमचंद जैन श्रीश्रीमाल को स्वागत समिति में शामिल करके महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। ज्ञात हो कि फिलहाल सत्र 2024-25 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ सुधीर जैन हैं, जिनका कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। उनके बाद 1 जुलाई से विजय अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के पद पर आसीन होंगे। नगर के लायंस क्लब की स्थापना 1981 में हुई थी और प्रेमचंद उस वक्त फाउंडर मेंबर बने थे। तब से लेकर 44 वर्षों से वे निरंतर लायन परिवार से जुड़कर सेवा के क्षेत्र में क्लब को नई ऊंचाई पर ले गए हैं।

### कुण्डा में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**कुण्डा।** ग्राम पंचायत कुण्डा में नवनिर्वाचित पंच, सरपंच ने शपथ ग्रहण लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुण्डा के ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद अगले पांच वर्षों तक ग्राम पंचायत कुण्डा का नेतृत्व करेंगे। हरेंद्र चंद्राकर को आम नागरिकों व समर्थन से ऐतिहासिक जीतकर सरपंच पद हासिल किया है यह महत्वपूर्ण जनादेश है शपथ ग्रहण समारोह में ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### व्यापमं की प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल जारी

**कवर्धा।** व्यापमं ने प्रदेश के विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजन की संभावित तारीख जारी कर दिया है। तकनीकी शिक्षा अंतर्गत पीपीटी व प्री-एमसीए परीक्षा 1 मई, पीईटी व पीपीएचटी परीक्षा 8 मई, कृषि अंतर्गत पीएटी, पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा 15 मई, एससीईआरटी अंतर्गत प्री-बीएड व प्री-डीएलएड परीक्षा 22 मई, चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 29 मई समेत अन्य पाठ्यक्रम के लिए संभावित तारीख है।

# निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने और नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विशाल निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर 6 मार्च 2025, गुरुवार को जिला सत्र न्यायालय कवर्धा के सामने स्थित आयुष पालीक्लीनिक में सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक आयोजित होगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय कुमार श्रीवास्तव और शिविर प्रभारी डॉ. कमलेश कुमार वर्मा ने आमजन से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह शिविर लोगों को प्राकृतिक और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों से लाभान्वित करने का एक सुनहरा अवसर है। शिविर में निःशुल्क परामर्श और औषधियों के वितरण के साथ-साथ, नागरिकों को स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित भी किया जाएगा। जिला आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में सभी नागरिकों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे, जो रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे और निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जाएगा। साथ ही, नागरिकों को आयुष चिकित्सा से जुड़े विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक नियमों एवं जीवनशैली संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएंगी।

### स्वास्थ्य व जीवनशैली पर विशेष जानकारी

शिविर में रोगियों को दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या, सदव्रत, भोजन व्यवस्था, योग एवं स्वस्थ वृत्त के महत्व के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके अलावा, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा काय चिकित्सा (मेडिसिन), स्वस्थ्यवृत्त (जीवनशैली), शल्य चिकित्सा (सर्जरी) से संबंधित परामर्श भी प्रदान किए जाएंगे।

### जिलेभर के आयुष चिकित्सक रहेंगे उपस्थित

इस शिविर में जिलेभर के अनुभवी आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। नागरिकों को योग और प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएंगी, जिससे वे अपनी दिनचर्या को स्वास्थ्यवर्धक बना सकें।

## बाजार...



**कवर्धा।** कच्चे आम की खेप पहुंचने लगी नगर के बाजार, में सौ रूपए किलो भाव।

## विधायक भावना के प्रयास से कुण्डा से छिरहा मार्ग की मिली स्वीकृति

**कुण्डा।** कुण्डा परिक्षेत्र की आवागमन की गंभीर समस्या को लेकर मण्डल महामंत्री कृष्णा चंद्राकर एवं क्षेत्र की भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा को क्षेत्रीय कार्यक्रम में अवगत कराया था, इस जर्जर मार्ग की समस्या को गंभीरता पूर्वक अवगत होकर विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं लोकनिर्माण मंत्री अरुण साव के समक्ष इन मार्गों की नवीनी कारण एवं नए निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान करने की प्रमुखता से मांग की थी, वही विधायक के मांगा को स्वीकारते हुए बजट 2025-26 में लगभग 15 किलोमीटर कुण्डा, माकरी, दुल्लीपार, टाटाकासा, अंतरिया, दामापुर, जैतपुरी, पटुवा होते हुए छिरहा तक पहुंच सड़क निर्माण के 12 करोड़ 30 लाख रुपए की स्वीकृति वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दी है। इस मार्ग की नवीनीकरण की स्वीकृति मिलने पर महामंत्री कृष्णा चंद्राकर ने कहा इस मार्ग की नवीन निर्माण से पंडरिया ब्लॉक के आमजनों को राजधानी आवागमन के लिए आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक लाभ मिलेगा। उन्होंने ने कहा कि कुण्डा से छिरहा तक जर्जर मार्ग की वजह से आम लोगों को सीधे न जाकर घूमकर व अधिक दूर तय करना पड़ता था वहीं अब नए सड़क निर्माण से आमजन इसी मार्ग से आवश्यक कार्य हेतु कम दूरी तय करना पड़ेगा। नव निर्माण मार्ग की स्वीकृति मिलने पर विधायक भावना बोहरा के प्रति मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री कृष्णा चंद्राकर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, संतोष चंद्रवंशी, ध्वजाराम चंद्राकर, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मनहरण साहू, महामंत्री कपिल चंद्राकर, अश्वनी यदु, राजू श्रीवास, गणेश सोलंकी, नीलेश गुप्ता, साहेब लाल, सूरज यादव, शंशाक शर्मा, प्रताप सेन, रामनाथ चंद्राकर सहित कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया।

# शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुई जनपद सदस्य मीनाक्षी आसकरण धुर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन में 2025 में नव निर्वाचित सरपंच पंच गणों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 3 मार्च को ग्राम पंचायत भवनों में किया गया। जनपद सदस्य मीनाक्षी आसकरण धुर्वे ने अपने क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरपेलाटोला, ग्राम पंचायत नेवारी, ग्राम पंचायत रेंगाखार खुर्द, ग्राम पंचायत जोराताल में अलग-अलग समय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर नवनिर्वाचित सरपंच, पंच गणों को बधाई व शुभकामनाएं दी। कुंभकरण सिंह गोंड़ पूर्व जनपद सदस्य ने बताया कि ग्राम पंचायत नेवारी में सेवाराम पात्रे, बरपेलाटोला में श्रीमती पुष्पा बोधन पटेल, रेंगाखार में श्रीमती सोफिया अय्यूब खान, ग्राम पंचायत जोराताल में श्रीमती गायत्री धनीदास मानिकपुरी सहित पंचगण नवलदास, बलदाऊ धुर्वे, घनसश्याम धुर्वे, जमुना पटेल, उत्तम जायसवाल, रूपा पटेल, चंद्रवती यशवंत मरकाम, चंद्रिका जगन्नाथ, अघतिया,रति मंडावी, खेदन बिहारी, सुनीता परमेश्वर घृतलहरे, कोमल विश्वकर्मा, संतोष पटेल, कवल तुलसु पटेल, फूलबाई संतोषी दौलत पटेल, मायावती डाकेश्वर, कृष्णा पटेल, श्याम लाल पटेल, साहा बाई, अमरौतीन, पीला राम सहित ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित थे।

## नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने पार्षदों के साथ परिचयात्मक बैठक ली

# शहर विकास, जनता के संवाद से ही संभवः नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने गत मंगलवार को नगर पालिका सभाकक्ष में अपनी पालिका टीम की बैठक ली। उन्होंने नगर पालिका पार्षदों को विभाग प्रमुखों के साथ रूबरू कराया। स्वच्छ शहर-सुंदर शहर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य को लेकर कार्य करने व वार्ड में जनता के बीच रहने के लिए नपाध्यक्ष ने पार्षदों को जरूरी टिप्स दिये।

उन्होंनें कहा कि शहर का विकास जनता के संवाद व आपसी सामंजस्य से ही संभव है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि वार्ड की लोगों को पार्षदों से काफी अपेक्षा रहती है वार्डवासियों से सतत संपर्क स्थापित करें, अपने वार्ड के समस्याओं को समझे व उसका निराकरण करने हेतु पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ चर्चा करें।

उन्होनें सभी पार्षदों से कहा कि वार्डवासी को अपना परिवार माने, परिवार की दृष्टि से प्रत्येक परिवारों से मिलकर उनको मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलायें, राशन कार्ड, नल कनेक्शन कार्य, साफ-सफाई, बिजली लगाने का कार्य करायें। वार्ड के व्यक्ति के सुख-दुख जैसे महत्तवपूर्ण कार्यो में अवश्यक शामिल होवें।

### गृहणी होकर जनसेवा का संकल्प

नगर पालिका चुनाव में जीतकर आने वाले सभी महिला पार्षद अपने गृहणी कार्य के साथ-साथ जनसेवा के रूप में अपना पहचान बनाया है। गृहणी होकर वार्ड की जनसेवक बनने का अवसर प्राप्त होने के बाद अब वार्ड व शहर विकास में भागीदारी निभायेगी। नगर पालिका अध्यक्ष सर्वप्रथम अपना परिचय देते हुए क्रमशः सभी पार्षदों से परिचय प्राप्त किया। सभी ने अपने परिचय में किसी ने जनसेवक कहा तो किसी ने अपना व्यवसाय कृषि बताया। महिला पार्षदों में सभी महिलायें गृहणी होते हुए वार्ड की जनसेवा में पहुंचे है।

